संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -73 शनिवार, 13 जनवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पीएम मोदी ने दी अटल पुल की सौगात

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मुंबई और महाराष्ट्र के लिए बहुत बड़ा दिन



**मुंबई,12 जनवरी 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के कुछ ही महीने शेष बचे हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र को शुक्रवार यानी आज देश के सबसे लंबे पुल की सौगात दी है। अब मुंबई से नवी मुंबई की दूरी 21.8 किमी लंबे पुल के जरिए महज 15 मिनट में तय की जा सकेगी।

नवी मुंबई में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मुंबई और महाराष्ट्र के लिए बहुत बड़ा दिन है और विकसित भारत संकल्प के लिए ऐतिहासिक दिन है...पूरे देश की नजर मुंबई पर है क्योंकि उन्हें यह भव्य अटल सेतु।

पीएम ने कुंभ की नगरी नासिक के श्री कालाराम मंदिर में सफाई और पूजा-अर्चना की। फिर,नासिक में रोड शो किया। उनके साथ सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजित पवार भी मौजूद रहे। इसके बाद, पीएम ने मुंबई का मेकओवर करने वाले भारत के सबसे लंबे माने जाने वाले सागरीय पुल मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक-एमटीएचएल (अटल सेतु) का उद्घाटन किया। साथ ही पीएम ने 12,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इससे पहले, उरण रेलवे स्टेशन से खारकोपर तक ईएमयू ट्रेन के उद्घाटन को हरी झंडी दिखाई।

### जल्द मुंबई को मिलेगी पहली बुलेट ट्रेन

कार्यक्रम में पीएम ने आगे कहा कि आज की तारीख न केवल मुंबई और महाराष्ट्र के लिए बहुत बड़ी है, बल्कि यह हमें विकसित भारत के हमारे संकल्प के एक कदम और करीब ले जाती है। यह एक प्रमाण है कि हम अपने लक्ष्य को पूरा कर रहे हैं। 24 दिसंबर 2016 को, मैंने अटल सेतु की नींव रखी और कसम खाई कि भारत बदलेगा और बढ़ेगा। महाराष्ट्र और मुंबई में कई मेगा परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, कई जल्द ही पूरी हो जाएंगी... आने वाले वर्षों में, मुंबई को अपनी पहली बुलेट ट्रेन मिलेगी।

पीएम ने यह भी कहा कि अटल सेतु विकसित भारत की तस्वीर है। यह विकसित भारत कैसा होगा इसकी एक झलक है। विकसित भारत में सभी के लिए सुविधाएं होंगी। सबकी समृद्धि होगी, गति होगी और प्रगति होगी। विकसित भारत में दूरियां कम होंगी और देश का हर कोना जुड़ेगा। जीवन हो या आजीविका, सब कुछ निरंतर, बिना रुकावट चलता रहेगा। यही अटल सेतु का संदेश है।

### कांग्रेस पर साधा निशाना

पीएम मोदी ने नाम लिए बिना कांग्रेस पर साधा निशाना। कहा कि हमारी सरकार की मंशा साफ है... जिन्होंने लंबे समय तक देश पर शासन किया, उनकी मंशा और निष्ठा हमेशा सवालों के घेरे में रही है। उनका इरादा केवल सत्ता हासिल करना था। वे केवल अपने परिवार के विकास के लिए समर्पित थे और यही कारण है कि वे कभी भी विकसित भारत के बारे में नहीं सोच पाए।

### नमो महिला सशक्तिकरण अभियान लॉन्च

पीएम मोदी ने नमो महिला सशक्तिकरण अभियान भी लॉन्च किया। अभियान का लक्ष्य महाराष्ट्र राज्य में महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण और उद्यमिता विकास का अनुभव प्रदान करके सशक्त बनाना है। यह अभियान राज्य और केंद्र सरकारों के महिला विकास कार्यक्रमों के अभिसरण और संतृप्ति की दिशा में भी प्रयास करेगा।

### क्या होगा फायदा ?

साउथ मुंबई के सेवरी से शुरू होकर ठाणे क्रीक को पार करते हुए न्हावा के चिरले गांव में खत्म होगा। यह मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को तेज कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा के समय को भी कम करेगा। यह पुल मुंबई से नवी मुंबई को आपस में जोड़ेगा। जिसकी मदद से दो घंटे के सफर को लगभग 15 मिनट में तय किया जा सकेगा।

# समुद्र की गहराइयों में मिला एन-32 विमान का मलबा

### 8 साल पहले हो गया था दुर्घटनाग्रस्त

**नई दिल्ली,12 जनवरी 2024 (ए)।** करीब आठ वर्ष पहले बंगाल की खाड़ी के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हुए वायु सेना के मालवाहक विमान ए एन-32 के मलबे के 3 1 0 किलोमीटर नीचे समुद्र तल पर पड़े होने के ठोस संकेत मिले हैं।



रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि दुर्घटना के कारण यह विमान लापता हो गया था और उस समय इसमें 29 लोग सवार थे। इस विमान तथा इसमें सवार लोगों का पता लगाने के लिए वायु सेना के विमानों तथा समुद्री जहाजों के द्वारा बड़े पैमाने पर खोज एवं बचाव अभियान चलाया गया लेकिन इसके बारे में कुछ नहीं पता चल सका। अब इस विमान के मलबे के चेन्नई तट पर 310 किलोमीटर नीचे समुद्र तल पर पड़ा होने के ठोस संकेत मिले हैं।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तत्वाधान में कार्य करने वाले राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने हाल ही में एक आटोनोमस अंडरवाटर व्हीकल के जरिये इसकी खोज शुरू की थी। यह खोज सोनार के माध्यम से 3400 मीटर की गहराई तक की गयी। इसके द्वारा भेजे गये फोटो के विश्लेषण से चेन्नई तट पर 310 किलोमीटर नीचे समुद्र तल पर ए एन-32 विमान का मलबा पड़ा दिखाई दे रहा है।

संभावित दुर्घटनास्थल पर विमान के मलबे के मिलने से यह साबित हो रहा है कि यह ए एन-32 का ही है क्योंकि इस क्षेत्र में और किसी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की बात कहीं दर्ज नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोस्ट वांटेड माओवादी नेता गिरफ्तार



**बंगाल,12 जनवरी 2024(ए)।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने मोस्ट वांटेड सीपीआई (माओवादी) केंद्रीय समिति के सदस्य सब्यसाची गोस्वामी उर्फ किशोर दा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के सूत्रों ने बताया कि सब्यसाची गोस्वामी को पुलिस की एक विशेष टीम ने गुरुवार देर रात पुरुलिया जिले में एक गुप्त स्थान से गिरफ्तार किया। सूत्रों ने बताया कि उसे शुक्रवार को पुरुलिया की एक जिला अदालत में पेश किया जाएगा। सरकारी वकील आगे की पूछताछ के लिए उसकी पुलिस हिरासत की मांग करेंगे।

### जाली नोट मामले में सुधीर कुशवाहा के खिलाफ आरोप तय

**पटना ,12 जनवरी 2024 (ए)।** बिहार में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की पटना स्थित विशेष अदालत ने विदेश से जाली नोटों की तस्करी के एक मामले में आज एक आरोपित सुधीर कुशवाहा के खिलाफ आरोप तय कर दिया।

विशेष न्यायाधीश अभिजीत सिन्हा ने खुली अदालत में आरोपित सुधीर कुशवाहा को उसके खिलाफ लगाये गये आरोपों को पढ़कर सुनाया।

# आप की इंडिया के साथ 58 सीटों पर होगी फाइनल डील!

### » राउंड-2 के लिए मुकुल वासनिक के घर पहुंचे आप नेता



**नई दिल्ली,12 जनवरी 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव को लेकर दूसरे दौर की बातचीत के लिए शुक्रवार की शाम को बैठक के लिए आप नेता कांग्रेस सांसद के घर पहुंचे। यह मीटिंग कांग्रेस राष्ट्रीय गठबंधन समिति के संयोजक मुकुल वासनिक के घर पर होगी। इससे पहले 08 जनवरी को दोनों पार्टी के नेताओं के बीच बैठक हुई थी।

### फिर बैठक के लिए पहुंचे आप नेता

हालांकि,उस दौरान दोनों पार्टी के नेताओं के बीच सीट शेयरिंग पर बातचीत नहीं हो सकी है। अब एक बार फिर से सीट शेयरिंग पर दूसरे दौर की बातचीत के लिए फिर से आप की ओर से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक, सौरभ भारद्वाज और आतिशी कांग्रेस सांसद के घर पर पहुंचे हैं।

### गोपाल राय ने गठबंधन को लेकर कही थी ये बात

सोमवार यानी 08 जनवरी को हुई बैठक के बाद दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने पंजाब समेत पांच राज्यों में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ने को कहा था। उन्होंने कहा कि आप और कांग्रेस आईएनडीआईए ब्लॉक का हिस्सा हैं। हमने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा और गुजरात में गठबंधन में चुनाव लड़ने पर अपना रुख बरकरार रखा है। इन पांच राज्यों में कुल 58 लोकसभा सीटें हैं।

### 2019 के फार्मूले की चर्चा

जानकारी के मुताबिक,लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आप के साथ संभावित गठबंधन में कांग्रेस अपने अपना हाथ ऊपर रखना चाहती है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, आईएनडीआईए के सहयोगी दलों के बीच सीटों के बंटवारे का जो फार्मूला तय हुआ है, उसके अनुसार, 2019 में जहां जिस सीट पर जो दल पहले या दूसरे नंबर पर रहा था, वह सीट उसी को दी जाएगी।

# डीआरडीओ ने नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल का किया सफल परीक्षण



**नई दिल्ली,12 जनवरी 2024 (ए)।** भारत के रक्षा अनुसंधान संगठन ने आकाश मिसाइल की नई जेनरशन का आज सफल परीक्षण किया। इस टेस्ट को ओडिशा तट पर मौजूद इंटीग्रेटिड टेस्ट रेंज चांदीपुर से अंजाम दिया गया। नई पीढ़ी की आकाश-एनजी मिसाइल का यह टेस्ट सफल रहा। मिसाइल में लो ऑल्टीट्यूड में बड़ी ही तेज गति से जा रहे अपने टार्गेट पर अचूक निशाना लगाया। इस परीक्षण के दौरान पूरे आकाश मिसाइल सिस्टम की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया, जिसमें मिसाइल सिस्टम के आरएफ सीकर, लॉन्चर, मल्टी फंक्शन रडार और कमांड, कंट्रोल और कम्यूनिकेशन सिस्टम का भी परीक्षण किया गया। इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज, चांदीपुर में लगे रडार्स, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम से जो डाटा इकट्ठा हुआ, उससे भी नई पीढ़ी के आकाश मिसाइल सिस्टम की क्षमता का परीक्षण भी सफल रहा। डीआरडीओ के साथ ही भारतीय वायुसेना के अधिकारियों की मौजूदगी में यह परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना, बीडीएल और बीईएल जैसी सरकारी कंपनियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस मिसाइल के सफल परीक्षण से हमारी हवाई सुरक्षा की क्षमताओं में और ज्यादा इजाफा होगा।

# मुकेश अंबानी ने पाया बड़ा मुकाम



### 100 अरब डॉलर क्लब में भी की एंट्री

**नई दिल्ली,12 जनवरी 2024 (ए)।** एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी लगातार नई बुलंदियां हासिल कर रहे हैं। इसी कड़ी में मुकेश अंबानी ने दुनिया के अरबपतियों के लिस्ट में एक नया मुकाम हासिल किया है। मुकेश अंबानी ने बड़ी छलांग लगाते हुए 100 अरब डॉलर क्लब में एंट्री ली है। इसके साथ ही मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में भी बढ़ोतरी हुई है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार,मुकेश अंबानी ने पिछले कारोबारी सत्र में 2.76 बिलियन डॉलर की कमाई की, जिससे उनकी नेटवर्थ बढ़कर 102 बिलियन डॉलर हो गई है। मुकेश अंबानी दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में 12 वें स्थान पर हैं। आपको बता दें कि दुनिया में 100 बिलियन डॉलर नेटवर्थ रखने वाले सिर्फ 12 अरबपति हैं।

कारोबारी सत्र के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर लगभग 3 प्रतिशत बढ़कर 2,724.95 रुपये पर पहुंच गए थे। हालांकि बाद में 2.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,718.40 रुपये पर बंद हुए।

# पुंछ में सेना के वाहनों पर आतंकियों का हमला

### फायरिंग का जवानों ने दिया मुंहतोड़ जवाब



**पुंछ,12 जनवरी 2024 (ए)।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के खनेतर में आज शाम आतंकियों ने सेना की गाड़ी पर फायरिंग की। ये गाड़ी सेना के कमांडिग अफसर की थी। इस घटना के बाद सेना ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। फिलहाल इसकी पूरी जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। अभी किसी भी हाताहात की जानकारी नहीं मिली है।

### पहले भी पुंछ में सेना की गाड़ी पर हुआ था हमला

बता दें कि पिछले साल दिसंबर के महीने में भी सेना के वाहन पर आतंकियों द्वारा हमला किया गया था, जिसमें सेना के चार जवान बलिदान और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बता दें कि आतंकी सेना के वाहन पर हमला करने के लिए घात लगा कर जंगलों में छिपकर बैठे हुए थे।

### बड़े पैमाने पर सेना ने चलाया था तलाशी अभियान

इस घटना के बाद से ही सेना ने पूरे क्षेत्र को घेर कर मंडी से पुंछ जाने वाले मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को बंद करके आतंकियों की तलाश में बड़े पैमाने पर अभियान छेड़ दिया था। बता दें कि सीमावर्ती जिले राजौरी व पुंछ जिलों के भीतर आतंकी ऐसी करतूतों को अंजाम देते रहते हैं। वहीं इस घटना के पहले नवंबर में राजौरी के बाजीमाल क्षेत्र में एक मुठभेड़ में सेना के दो कैप्टन व तीन जवान बलिदान हो गए थे।

# सरकार के मंत्री काम करने की बजाए कर रहे हैं अनर्गल बयानबाजी : डोटासरा

**जयपुर,12 जनवरी 2024 (ए)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नाम बदलने के अलावा कोई काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इसके मंत्री काम करने की बजाए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं जबकि प्रदेश में बलात्कार एवं लूट जैसी घटनाएं प्रतिदिन बढ़ रही हैं और कानून व्यवस्था एकदम कमजोर पड़ रही है।

डोटासरा गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सरकार को बने हुए एक महीने से अधिक हो गया लेकिन कोई कार्य नहीं किया जा रहा। केवल और केवल युवाओं को बेरोजगार करने एवं कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नाम बदलने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री काम करने की बजाए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, कोई डॉक्टर के कीड़े पडने की बात कह रहा है, कोई ट्रांसफर करने की बात कर रहा है, कोई कह रहा है कि बच्चे ज्यादा पैदा करो, ऐसी बयानबाजी राज्य सरकार के मंत्रियों द्वारा की जा रही है जबकि प्रदेश में बलात्कार, लूट जैसी घटनाएं प्रतिदिन बढ़ रही हैं।उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि गौशालाओं में गायें मर रही हैं किंतु सरकार का काम करने पर ध्यान नहीं है विकास कार्यों को



वर्क ऑर्डर बंद कर रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की पर्ची सरकार प्रदेश में लोगों के समक्ष अपना विश्वास खो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार का कार्य है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ कर माता-बहनों को सुरक्षा मुहैया कराये। ठंड के मौसम में परेशान गरीबों के लिए रैन बसेरे लगे, इंदिरा रसोई का नामकरण तो बदल दिया किंतु और अधिक क्या सुविधा रसोई घर में दी जा सकती है इस पर कोई ध्यान नहीं है।

# पश्चिम बंगाल में ईडी की बड़ी कार्रवाई

### ममता बनर्जी के दो मंत्रियों के ठिकानों पर की छापामारी

**कोलकाता,12 जनवरी 2024(ए)।** पश्चिम बंगाल में आज फिर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। ममता के दो मंत्रियों सुजीत बोस और तापस रॉय के ठिकानों पर आज ईडी ने छापामारी की है। ईडी ने इसी के साथ उत्तरी दमदम नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष सुबोध चक्रवर्ती के आवास पर भी छापेमारी की। ईडी ने कथित नगर निगम नौकरी घोटाला मामले के सिलसिले में कोलकाता में बंगाल के नेताओं के आवास पर सुबह-सुबह छापेमारी की है।बता दें कि कुछ दिन पहले ही राशन घोटाले में छापामारी के दौरान ईडी के अधिकारियों पर हमला किया गया था। हमले में कई अधिकारियों को चोट भी आई थी और गाड़ियों के शीशे भी फोड़े गए थे। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ममता सरकार से रिपोर्ट भी तलब की थी।ईडी ने इससे पहले




टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ही ईडी की टीम पर शाहजहां के समर्थकों द्वारा हमला बोल दिया गया था। हमले में कई अधिकारियों को तो गंभीर चोट भी आई थी और कई अधिकारियों का सिर भी फोड़ दिया गया था।

## संपादकीय

# दावे भी तो ऐसे!

यह धारणा बनी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अंग्रेजी के K अक्षर की शक्ल हासिल कर ली है। एसबीआई की इस रिपोर्ट का मकसद इसी धारणा को तोड़ना मालूम पड़ता है। इसके लिए कई हवाई तर्क इसमें शामिल किए गए हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी एक ताजा रिपोर्ट ऐसे दावे किए हैं, जिनकी तुलना सिर्फ हवा में उड़ाए गए गुब्बारों से की जा सकती है। एसबीआई का दावा है कि भारत में हाल के सालों में आर्थिक असमानता घटी है। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर क्षेत्र में खुशहाली का आलम है। एसबीआई ने असमानता का अनुमान लगाने के लिए आयकर डेटा का इस्तेमाल किया है। और इन आंकड़ों के आधार पर सारे देश की माली हालत का अंदाजा लगा लिया गया है। जबकि देश में केवल आठ करोड़ लोग आयकर रिटर्न फाइल करते हैं। उनमें से भी चार करोड़ शून्य रिटर्न फाइल करते हैं- यानी वे एक पैसा इनकम टैक्स नहीं देते। तो बहुत कम लोग ऐसे हैं, जो वास्तव में इनकम टैक्स दे रहे हैं। ऐसे लोगों की संख्या भारत की कुल आबादी में सिर्फ लगभग दो फीसदी बैठती है। एसबीआई के विशेषज्ञों ने सिर्फ उनके आधार पर आर्थिक गैर-बराबरी के घटने का दावा कर दिया गया है।

जबकि इनकम टैक्स डेटा के आधार पर आर्थिक गैर-बराबरी के बारे में शायद ही कुछ कहा जा सकता है। इसलिए कि यह डेटा कुल आबादी के बहुत छोटे हिस्से से संबंधित है। पहली बात तो इनसे धनी लोगों की ब्लैक मनी से संबंधित कोई जानकारी नहीं मिलती। दूसरी तरफ आबादी के लगभग 95 प्रतिशत हिस्से के बारे में इनसे कोई सूचना नहीं मिलती। कुल आबादी की आमदनी और उपभोग के आंकड़ों के आधार पर हुए कई हालिया अध्ययनों से देश में लगातार बढ़ती जा रही विषमता की पुष्टि हुई है। उनके आधार पर ही यह धारणा बनी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अंग्रेजी के च अक्षर की शक्ल हासिल कर ली है। एसबीआई की इस रिपोर्ट का मकसद इसी धारणा को तोड़ना मालूम पड़ता है। इसके लिए कई हवाई तर्क इसमें शामिल किए गए हैं। मसलन, एमएसएमई (सूक्ष्म-लघु- मध्यम उद्यम) क्षेत्र में कारोबार इसलिए घटा है, क्योंकि वैसी कंपनियां ब्रांड चेन के माध्यम से बड़ी कंपनियां में बदल गई हैं। और यह कि कि लोग ग्रामीण इलाकों में दोपहिया वाहनों को छोड़कर कार खरीद रहे हैं, इसलिए दोपहिया वाहनों की बिक्री में गिरावट आई है।

# अवसरवाद और सत्ता लोलुपता,दूरगामी लोकतांत्रिक खतरे का वृहद अंदेशा



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और अदूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं।

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती हैद्य जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है। अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद



लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैंद्य भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं। यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैंद्य लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं। अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं। अति राष्ट्रवादी होने के स्वरूप को ऑन कर तानाशाही की प्रवृत्ति को आम जनता के ऊपर लागना सैनिक तानाशाही अधिनायकवाद तथा फासीवाद को भी जन्म देने की प्रक्रिया के अंग हैं। लोकतंत्र में राजशाही की तरह शासकीय धन का मनमाना दुरुपयोग एक अनैतिकग प्रक्रिया है एवं यह सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने का निम्न स्तरीय हथकंडा भी है। इससे न सिर्फ जनता पर करों का बोझ पड़ता है बल्कि सार्वजनिक रूप से किए जाने वाले जनहित के कार्यों का भीक अवरोध बन जाता है। चुनाव में मतदान को प्रभावित करने के लिए टीवी में मोबाइल फोन लैपटॉप आदि का प्रॉब्लम भी लोकप्रियता किंतु आर्थिक दूरदर्शी एवं लोकतांत्रिक न्याय के प्रतिकूल है। बीसवीं सदी के लगभग सभी थाना गांव द्वारा किस प्रकार के सैनिक राष्ट्रवाद द्वारा सस्ती लोकप्रियता पाकर लोकतंत्र को रोकने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान म्यानमार उत्तर कोरिया देशों में व्यापक सुरक्षा हिंसा आतंकवाद पर नियंत्रण की लूट प्रिय तावादी धारणा का प्रयोग सैन्य प्रभाव को बरकरार रखने के लिए रो रहा है। लोकतंत्र का सदैव उद्देश्य तथा आदर्श जनता का समर्थन प्राप्त करना जनता किसानों की छांव की पूर्ति करना एवं जनता की हर सुविधा का ध्यान रखना है। पर देश का लोकतंत्र सत्ताचरिता, अवसरवादिता एवं एल्केन सत्तारूढ़ बने रहने की जुगत में क्षतिग्रस्त होता जा रहा है लोकतंत्र की भविष्य की संभावनाएं एवं उसके स्तंभ कमजोर होते जा रहे हैं ऐसे में देश के समृद्ध एवं प्रबुद्ध वर्ग को पहल करने आगे आना होगा वरना लोकतंत्र के दुरुपयोग के दूरगामी परिणाम विध्वंसकारी भी हो सकते हैं। पता अवसरवादी लोकप्रियता वादी विचारों के असंतुलित तात्कालिक लाभों के स्थान पर बहुआयामी लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर ही संतुलित विकास एवं समायोजन पर ध्यान देना चाहिए।परिणाम स्वरूप जनता ,सरकार ,राजनीतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी तथा अन्य सभी के हित की दृष्टि में बहुत ही व्यापक तथा दूरगामी परिणाम लाने वाले लोकतांत्रिक स्तंभ को एकजुट होकर सामाजिक संतुलन बनाए रखना होगा। एवं हम सभी के समेकित प्रयास से लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों एवं उसकी मूलभूत अवधारणाओं की रक्षा हो सकेगी।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मकर संक्रांति

डोरी संग पतंग हे,मिले मया के रंग ।
उड़ाबोन जुरमिल सबो,आही मजा मतंग
सँकरायत के दिन बने,तिल लाड़ू के पाग
आज परब हे खास जी,हमरो जागे भाग
घर-घर खुशी मनाव जी,आये पावन वार
दुख दारिद ला भूल के,
बाँटव मया दुलार ।।
पबरित तन मन होय जी,
कर लौ पूजा ध्यान ।
हवय महत्तम आज के,
देवव तिल गुड़ दान ।।
सँकरायत के हे परब,
खिचड़ी मेवा खाव ।
करके गंगा स्नान जी,
भाग अपन सँहिराव ।।



**मुकेश उइके मयारू**
चेपा,पाली,कोरबा
छत्तीसगढ़

## क्यों नहीं ?

कुछ भी कर
आगे बढ़ने के पहले...
ऐसा नहीं हो सकता
इसमें जल्दबाजी मत करो
यदि ऐसा निर्णय लिया गया है
कुछ भी संभव नहीं है
कुछ भी असंभव नहीं है
यह जीवन...
सब करना होगा
हम रहते हैं...
ऐसा कुछ नहीं है।
यदि ऐसा करने में असमर्थ हैं
हम बस सांस लेते हैं
चलो मिट जाएं...



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार**
चेन्नई,
तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कितना सौभाग्य है

कितना सौभाग्य है आज हमारा
निजनिवास आ रहा आराध्य हमारा।।
बरसों से मेरे प्रभु कहीं फिरते रहे
आवास बनाने सनातनी गिरते रहे।।
कहीं पथराव हुए तो कहीं घेराव
सनातनी का कम ना हुआ लगाव।।
मंदिर खातिर एक
नही गिरफ्तार हुए कई बार
संत मनुज मिल लडाई
लड़े शासन से हजार।।
करते रहे सभी मिलकर अथक प्रयास
आज नही तो
कल मिलेगा अवसर खास।।
टटोल रहे थे हम कब मिलेगा साथ
एक छोड़ किसी ने नही दिया हाथ।।
जिसने दिया तुम्हें आज अपना साथ
निज स्वार्थ छोड़
चल तुम उनके साथ।।
राम की मंदिर
खातिर लगाए बैठे थे आश
बाइस जनवरी चोबीस
सबके लिए है खास।।
करो भारती सभी मिलकर तुम तैयारी
धरा को आज
बना दो तुम मनियारी।।
लगे रात आसमान पर बैठा है सूरज
दिनसम दिखे सबको कणकण सहज।।



**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# अयोध्या भव्य राम मंदिर स्थापना दिवस के साथ देश भर में एक और दीपावली की तैयारी



**केशी गुप्ता**
द्वारका
दिल्ली

भारत के पौराणिक इतिहास में रामायण का एक विशेष स्थान है। भारत जो देवी, देवताओं ,ऋषि मुनियों का देश है जहां मर्यादा पुरुषोत्तम राम को सामाजिक व्यवस्था का उच्चतम, सर्वोत्तम उदाहरण माना जाता है। जहां लोगों के रोम रोम में राम बसते हैं । जिन्हें विष्णु का अवतार कहा जाता है। वर्तमान समय में एक लंबी लड़ाई के बाद राम जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर की स्थापना का उत्सव मनाया जाने वाला है। जिसे लेकर देशभर में उत्साह और हर्ष उल्लास देखने को मिल रहा है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि एक बार फिर से भगवान राम का स्वागत अयोध्या नगरी तथा देशभर में दीपावली के रूप में मनाया जाने वाला है। जिसकी देशभर में भव्य तैयारी चल रही है। भगवान राम से जुड़े रामनवमी ,दशहरा और दीपावली ऐसे बड़े त्यौहार हैं जो देश भर में हर्ष उल्लास से मनाए जाते हैं।




इतिहास गवाह है कि मुगलों के आगमन के पश्चात बहुत से मंदिरों को तोड़ गिराया गया। अयोध्या नगरी के इस मंदिर का विवाद इसी मुद्दे पर आधारित रहा । जिसे बाबरी मस्जिद और राम मंदिर विवाद के नाम से सभी जानते हैं। तथाकथित तथ्यों पर आधारित 134 साल तक चली कानूनी लड़ाई 9 नवंबर 2019 को सर्वोच्तम न्यायालय के फैसले से खत्म हुई। तथ्यों पर आधारित यह विवाद 1858 में पहली बार तब सामने आया जब महंत रघुवर दास द्वारा मस्जिद से सटे परिसर में हवन किया गया था। जिसे लेकर एफआईआर दर्ज हुई थी। तत्पश्चात यह मामला तूल पकड़ता गया। 23 दिसंबर 1949 को जब भगवान राम की मूर्तियां मस्जिद में पाई गई तो इस मामले ने और रफ्तार पकड़ ली । यह विडंबना रही की भगवान राम को अपनी ही जन्म भूमि में स्थापना के लिए एक लंबा इंतजार करना पड़ा। अयोध्या भगवान राम की जन्म भूमि है। इस स्थापना दिवस को एक और दीपावली की तरह देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी 2024 को इस भव्य मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसका भूमि पूजन अनुष्ठान सर्वप्रथम 5 अगस्त 2020 को किया गया था । जिसमें 40 किलो चांदी की इंट आधारशिला में रखी गई। इसके उपरांत इसका निर्माण कार्य आरंभ किया गया । जिसे अनुमानित 3 साल 9 महीने और 2 सप्ताह का समय लगा। इसके निर्माण कार्य में मुख्य वास्तुकार चंद्रकांत सोमपुरा और उनके दो बेटे निखिल सोमपुरा और आशीष सोमपुरा शामिल है। राम मंदिर को नागरा शैली की वास्तुकला पर आधारित बनाया गया है । मंदिर में एक प्रार्थना कक्ष ,एक राम कथा कुंज ,एक वैदिक पाठशाला ,एक संत निवास परिसर और एक यति निवास परिसर बनाया गया है। इसके अतिरिक्त संग्रहालय कॉफी हाउस इत्यादि की भी व्यवस्था की गई है। इसके निर्माण कार्य के संरक्षक निर्माता लॉरेंस और टुब्रो रहे हैं। तथाकथित तथ्यों पर आधारित यह मंदिर 235 फीट चौड़ा ,360 फीट लंबा और 161 फीट ऊंचा बताया जा रहा है।

आरएसएस और हिंदू आस्था से जुड़े संस्थाओं द्वारा घर-घर चावल के दाने पहुंचाएं जा रहे हैं और इस स्थापना दिवस को दीपावली की भांति हर्ष ऊलास से मनाने का निवेदन किया जा रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि चुनाव से पहले राम स्थापना दिवस अपने आप में एक बहुत बड़ी सफलता है, जिसका प्रभाव आने वाले चुनाव में देखने को मिलेगा।

स्थापना दिवस को लेकर कड़े सुरक्षा कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस दिन अनगिनत लोगों का जमावड़ा वहां होने वाला है। ऐसे में 22 जनवरी स्थापना दिवस 2024 को मंदिर परिसर में केवल आमंत्रित लोगों को अंदर जाने दिया जाएगा। जिनके पास आमंत्रण कार्ड या पास होगा । मंदिर परिसर में किसी भी तरह की कोई भी वस्तु जैसे मोबाइल ,कैमरा या अन्य समान साथ ले जाना माना है। मंदिर में पुरुष धोती कुर्ता और महिलाएं सूट सलवार या साड़ी में ही जा सकती है। हालांकि इसे कोई निर्धारित ड्रेस कोड की तरह नहीं बताया जा रहा है।

एक बार फिर भगवान राम का वनवास खत्म होने को है और देशवासियों को इसका इंतजार है। सत्य कभी झूठ लाया नहीं जा सकता और उसकी विजय सदैव निश्चित होती है।

**जय श्री राम...राम राम**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# विपक्ष को अभी बहुत काम करना है

कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां धीरे धीरे सदमे से उबर रही हैं। हिंदी भाषी तीन राज्यों में कांग्रेस की करारी हार ने सिर्फ कांग्रेस का मनोबल नहीं तोड़ा था, बल्कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के दूसरे घटक दलों का भी हौसला टूट गया था। तीन राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद कई राज्यों में प्रादेशिक क्षत्रपों के तेवर बदल गए। कहीं कांग्रेस को आंख दिखाई जाने लगी तो कहीं कांग्रेस का स्वागत होने लगा। ऐसा होने के दो कारण हैं। या तो विपक्षी पार्टियों ने मान लिया है कि भाजपा से मुकाबला मुश्किल हो गया और अब उसे हराया नहीं जा सकता है। बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी इस मानसिकता का प्रतिनिधित्व करती है। भले नीतीश का अंतिम फैसला कुछ भी हो लेकिन उनकी पार्टी के नेता मान रहे हैं कि भाजपा से लड़ने की बजाय उसके साथ चलना चाहिए। दूसरी ओर जिनको कांग्रेस की जरुरत महसूस होने लगी है उसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हैं तो आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी हैं। दोनों तालमेल के लिए तैयार दिख रहे हैं और सीट बंटवारे को लेकर हुई पहली बैठक से यह साफ भी हो गया है।

बहरहाल, तीन राज्यों में कांग्रेस की हार ने विपक्षी पार्टियों और सोशल मीडिया में भाजपा विरोधी पूर्व नौकरशाहों, पूर्व पत्रकारों, सामाजिक विचारकों आदि को किस तरह से प्रभावित किया है और कैसे विपक्ष के तमाम फ्रीलांस समर्थक चूहों की तरह विपक्षी जहाज से कूदने लगे हैं वह अलग चर्चा का विषय है। अभी जो विपक्ष एकजुट है और अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबले की तैयारी कर रहा है उसे बहुत काम करने होंगे। सबसे अहम काम एक मजबूत व भरोसे का गठबंधन बनाना है, जिसमें सीटों का तालमेल इस तरह से हो कि उस पर कोई विवाद न रहे। यह सबसे अहम काम है क्योंकि अगर सबकी सहमति से सीटों का बंटवारा नही होता है तो जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं और नेताओं को गठबंधन के उम्मीदवारों का दिल से साथ देने के लिए तैयार करना मुश्किल हो जाएगा। अगर सबकी सहमति से सीटों का बंटवारा होता है और यह मैसेज बनता है कि सबके लिए विन-विन सिचुएशन है यानी साथ मिल कर लड़ने से सब फायदे में रहेंगे तो कार्यकर्ता जुड़ेंगे और मेहनत करके चुनाव लड़ेंगे। सो, भरोसे का गठबंधन और वस्तुनिष्ठ आकलन के साथ सीटों का बंटवारा पहला काम है, जिसे विपक्षी पार्टियों को तय समय सीमा




के भीतर कर लेना चाहिए।

इसके बाद गठबंधन का नेतृत्व करने वाले चेहरे का मामला है। विपक्षी गठबंधन की दिल्ली में हुई चौथी बैठक में सबको हैरान करते हुए ममता बनर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम का प्रस्ताव रख दिया था। उन्होंने खड़गे को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बना कर लड़ने की बात कही, जिसका समर्थन अरविंद केजरीवाल ने किया। इससे गठबंधन के अंदर विभाजन और भरोसे का संकट दिखा। इसके तुरंत बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेवर दिखाए और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुला कर खुद पार्टी के अध्यक्ष बन गए। 'इंडिया' गठबंधन को मजबूत बनाने और भाजपा विरोधी नैरेटिव का चेहरा बने राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह को उन्होंने अध्यक्ष पद से हटा दिया।

अब उनकी पार्टी के नेता मांग कर रहे हैं कि संयोजक के साथ साथ नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का दावेदार भी बनाया जाए। खड़गे ने हालांकि बैठक में ही ममता के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था लेकिन ममता ने वह राग बंद नहीं किया है। उनको कांग्रेस से तालमेल करने में परेशानी हो रही है पर कांग्रेस अध्यक्ष को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बना कर लड़ने का सुझाव दे रही हैं। इससे अपने आप उनका विरोधाभास जाहिर होता है। सो, कांग्रेस और दूसरी पार्टियों को गठबंधन के चेहरे के बारे में फैसला करना है। एक सुनियोजित रणनीति बनानी होगी और उसके साथ जनता के बीच जाना होगा। अगर यह फैसला होता है कि बिना किसी चेहरे के और सामूहिक नेतृत्व में विपक्ष लड़ेगा तो इसके सभी पहलुओं पर विचार करना होगा ताकि जनता के बीच जाने पर किसी तरह का कंफ्यूजन न रहे और न कोई विरोधाभास दिखे।

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से तैयार किए गए चुनावी विमर्श का जवाब देने की रणनीति बनानी होगी। मोदी के चुनावी विमर्श में हिंदुत्व का मुद्दा प्रमुख है, जिसका प्रतीक श्रीराम जन्मभूमि मंदिर है। इसका उद्घाटन 22 जनवरी को होगा और उसके बाद भाजपा पूरे देश से रामभक्तों को अयोध्या ले जाने का अभियान चलाएगी। सो, हिंदुत्व और राममंदिर के चुनावी विमर्श का विपक्ष को कैसे मुकाबला करना है इसकी रणनीति जल्दी से जल्दी बनानी होगी। अभी सभी पार्टियां अपने अपने हिसाब से इस मसले से निपटने की कोशिश कर रही हैं। कांग्रेस नेता अयोध्या नहीं जा रहे है पर उत्तर प्रदेश में जहां यह कार्यक्रम हो रहा है वहां की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी ने यह स्टैंड लिया है कि जब रामजी बुलाएंगे तो जाएंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनको न्योता नहीं मिला है। उधर मुंबई में उद्धव ठाकरे 22 जनवरी को नासिक जाएंगे और राममंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। क्या यह अच्छा नहीं होता कि जिन विपक्षी पार्टियों के नेताओं को नहीं बुलाया गया है वे सभी 22 जनवरी को भगवान राम के किसी दूसरे प्रसिद्ध मंदिर में जाकर पूजा करते? उस दिन सब कोऑर्डिनेटेड तरीके से अलग अलग मंदिरों में भी जा सकते हैं। कुछ भी करके विपक्षी पार्टियों को व्यापक हिंदू समाज में यह संदेश देना चाहिए कि वे अयोध्या में राममंदिर निर्माण से खुश हैं और हिंदू धर्म के इस गौरवपूर्ण क्षण में उनके साथ हैं।

हिंदुत्व और मंदिर के अलावा मोदी के चुनावी विमर्श में राष्ट्रवाद एक बड़ा मुद्दा है और उन्होंने इसके साथ ही बुनियादी ढांचे के विकास, गरीब कल्याण, लाभार्थी आदि के नैरेटिव को भी शामिल किया है। विपक्ष को इसका जवाब भी खोजना होगा। नरेंद्र मोदी द्वारा सेट किए गए एजेंडे के बरक्स एक वैकल्पिक एजेंडा तय किए बगैर चुनाव एकतरफा हो जाएगा। विपक्ष की ओर से लगातार यह प्रयास होता है कि विकास और आम लोगों की भलाई के मुद्दे पर सरकार को विफल करार दिया जाए। वह प्रयास जारी रखते हुए विपक्ष को अपना एक मॉडल पेश करना होगा और उसे ऐसे पेश करना होगा कि जनता उस पर भरोसा करे।

ध्यान रहे नरेंद्र मोदी को जिन लोगों ने दो चुनावों में वोट किया है उनका वोट तोड़ना मुश्किल है। वह वोट ज्यादा मजबूती से मोदी के साथ जुड़ा है। लेकिन जिसने पहले मोदी को वोट नहीं किया है या जो लोग पहली बार वोट करेंगे या जो नए लोग मतदान करने जाएंगे उनका वोट अपनी ओर करने का प्रयास विपक्ष को करना चाहिए। इसके लिए एक तरीका तो वह है, जिसे आजमाने की बात सब कर रहे हैं। अगर अधिकतर सीटों पर भाजपा बनाम विपक्ष का मुकाबला हो यानी वन ऑन वन मुकाबला बने तो अपने आप विपक्ष का वोट एकजुट होगा। लेकिन इसके लिए उन मतदाताओं को अपने एजेंडे और विकास के रोडमैप से यह भरोसा भी दिलाना होगा कि वह विपक्ष के उम्मीदवार को वोट करके गलती नहीं कर रहा है।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## परिस्थितियां हरा नहीं सकती

परिस्थितियां हरा नही सकती
तूफां तुझे रोक नहीं सकती
नींद तुझे सुला नही सकती
अगर इरादा मजबूत हो तो
परिस्थितियां हरा नही सकती।
उम्र तुझे थका नही सकती
ठोकरे तुझे गिरा नही सकती
अगर जीतने की जिद हो तो
परिस्थितियां हरा नही सकती।
आंधी तुझे हिला नहीं सकती
कांटे तुझे रोक नही सकती
अगर हौसला बुलंद हो तो
परिस्थितियां हरा नही सकती।
विपत्तियाँ तुझे डरा नहीं सकती
लक्ष्य से कोई भटका नही सकती
अगर जीतने की जूनून हो तो
परिस्थितियां हरा नही सकती।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# राम मंदिर उद्घाटन में शामिल होने से कांग्रेस के इनकार पर बीजेपी का कटाक्ष

भारतीय जनता पार्टी खुद को सनातन धर्म के प्रबल संरक्षक के रूप में पेश करना पसंद करती है। इसलिए,चार शंकराचार्यों की फटकार,जिन्होंने सनातन धर्म के नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल नहीं होने का फैसला किया है,पार्टी के लिए एक गंभीर शर्मिंदगी के रूप में सामने आई होगी। इसलिए,यह आश्चर्य की बात नहीं है कि भाजपा प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार करने के एक और 'कृत्य कांग्रेस के' की ओर जनता का ध्यान भटकाने के लिए उत्सुक है। भाजपा के दो वरिष्ठ मंत्रियों ने इस आरोप का नेतृत्व किया है और कांग्रेस के फैसले को उसके हिंदू विरोधी झुकाव का सबूत बताया है। फिर भी, भव्य समारोह में शामिल न होने का कांग्रेस का तर्क सिद्धांतहीन नहीं है। व्यक्तिगत आस्था के एक लेख के रूप में धर्म की स्थिति एक संवैधानिक स्थिति समारोह से राजनीतिक लाभ प्राप्त करने की भाजपा की प्रवृत्ति एक निर्विवाद सत्य और मंदिर का जल्दबाजी में उद्घाटन यह वह उल्लंघन है जिसका उल्लेख शंकराचार्यों ने किया है कांग्रेस है कहते हैं, वे कारक जिन्होंने इसके नेतृत्व को निमंत्रण का सम्मान करने से रोका।

हालाँकि, सिद्धांतों और विवेकपूर्ण राजनीति के बीच अक्सर एक अंतर होता है। 22



जनवरी को अयोध्या में इस अवसर पर शामिल होने से कांग्रेस के इनकार के कारण पार्टी पर बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं के प्रति उदासीन होने का भाजपा का आरोप कमजोर हो जाएगा। ध्रुवीकरण की राजनीति के प्रति मतदाताओं के आकर्षण को देखते हुए चुनावी वर्ष में यह एक बड़ी बाधा हो सकती है, यह प्रवृत्ति नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के राजनीतिक प्रभुत्व के साथ तेज हो गई है। इसके अलावा, भारत, विपक्षी गुट, राम मंदिर उद्घाटन पर कई स्वरों में बोल रहा है। कांग्रेस के उपस्थित होने से इनकार करने से इस मामले पर नीतीश कुमार की स्थिति को देखते हुए गठबंधन में तनाव हो सकता है। लेकिन यह कहना नादानी होगी कि कांग्रेस इस फैसले के राजनीतिक जोखिमों से अनभिज्ञ है। वास्तव में, इसमें कुछ समझदारी भी हो सकती है। नरम हिंदुत्व के साथ कांग्रेस की छेड़खानी आमतौर पर चुनावी पराजय का कारण बनी है। मध्य प्रदेश में हार इसका नवीनतम उदाहरण थी। आध्यात्मिक के विपरीत, भाजपा की चुनावी राम पर निर्भरता को उजागर करना, साथ ही रोटी और मक्खन के मुद्दों को प्राथमिकता देने वाले सार्वजनिक अभियान में निवेश करना राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की केंद्र बिंदु इस प्रकार कांग्रेस की ओर से एक सचेत रणनीति हो सकती है ।

**-त्रिवेणी देवांगन-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# अज्ञात कारणों से नर्सिंग की छात्रा ने की आत्महत्या,किराए के मकान में रहती थी अकेली

– संवाददाता –
सीतापुर, 12 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।



नर्सिंग की छात्रा ने अज्ञात कारणों से अपने किराए के रूम में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के बाद मौके पर पहुँची पुलिस को ऐसा कुछ भी बरामद नही हुआ। जिससे छात्रा की आत्महत्या का कारण पता चल सके। इस घटना के बाद छात्रा के माता पिता सदमे में आ गए है। इस मामले में मर्ग कायम करते हुए पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार जशपुर जिले के बगीचा निवासी महेंद्र सिंह की 21 वर्षीय पुत्री ने अज्ञात कारणों से आत्महत्या कर ली। मृतिका नर्सिंग कॉलेज की छात्रा थी। जो विगत दो सालों से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी।पढ़ाई के दौरान छात्रा पहले नर्सिंग कॉलेज के हॉस्टल में रहती थी। अभी वो मुलाजिमपारा में किराए के मकान में अकेली रहती थी। विगत 13 दिसंबर को छात्रा अपने घर बगीचा से अपने दीदी के साथ आई थी। दस दिन साथ रहने के बाद उसकी दीदी वापस घर चली गई थी। तब से छात्रा अपने रूम में अकेली रहा करती थी। इस घटना से एक दिन पूर्व छात्रा की अपनी मां से फोन पर बात हुई थी। तब उसने कहा था कि मुझे अभी ठीक नही लग रहा है मैं अभी सो रही हूँ। उसके बाद रात को भी शायद घरवालों ने फोन किया था पर वो नही उठाई। सुबह जब काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुला।तब पास पड़ोस के लोगो ने खिड़की से अंदर झांक कर देखा। तब छात्रा बेड पर लेटी हुई थी।अनहोनी की आशंका से सहमे मकान मालिक ने थाने में इसकी सूचना दी। छात्रा के माता-पिता को भी इस बारे में सूचित कर दिया गया था। मकान मालिक की सूचना के बाद परिजनों के साथ मौके पर पहुँची पुलिस ने पंचनामा के बाद दरवाजा तोड़कर अंदर गई। जहाँ बेड पर छात्रा बेजान पड़ी हुई थी। जिसे परिजन जाँच हेतु फौरन हॉस्पिटल लेकर पहुँचे। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत छात्रा को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मर्ग कायम करते हुए पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौप दिया। इस घटना के बाद छात्रा के माता-पिता काफी सदमे में है।

# मौसम साफ होते ही 24 घंटे के अंदर 5-6 डिग्री गिरा पारा

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 12 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।



उत्तर भारत में सक्रय पश्चिमी विक्षोभ के कारण पिछले दस दिनों से तामान में वृद्धि दर्ज की जा रही थी। आसमान में बादल छाए हुए थे। व कोहरे का प्रभाव भी देखा जा रहा था। इस लिए ठंड से लोगों को राहत थी। आसमान से बादल की सक्रियता हटते ही एक बार फिर ठंड पडनी शुरू हो गई है। उत्तरी शुष्क हवाओं के प्रवेश का क्रम उत्तरी छत्तीसगढ़ में जारी है। जिसके प्रभास से न्यूनतम तामान में 2.5 डिग्री की गिरावट आई है। गुरुवार का अधिकतम तापमान 24 डिग्री व न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री था। वहीं 24 घंटे के अंदर न्यूनतम तापमान में 5-6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार का न्यूनतम 12.6 डिग्री से गिरकर 7 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं अधिकत तामान 25 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं दिन में तेज धूप निकलने के कारण लोगों को राहत है। पर शाम होते ही ठंड के कारण लोग घर से निकलना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट का न्यूनतम तापमान करीब 5-6 डिग्री के आसपास है। मौसम वैज्ञानिक एसके मंडल ने बताया कि मौसम साफ होते ही न्यूनतम तामान में गिरावट आ राही है। मकर संक्रांति के आस पास कड़ाके की ठंड पडने की संभावना है। उतरी शुष्क हवाओं के कारण तामान में अभी और गिरावट आएगी। वहीं उत्तरी छत्तीसगढ़ में शितलहर की संभावना बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार एक नया पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के निकट 16 जनवरी के आसपास पास सक्रिय होने की संभावना है। इसका प्रभाव अगामी 5-6 दिनों के पश्चात उत्तरी छत्तीसगढ़ में दिखने की संभावना है। इस दौरान तामान में वृद्धि दर्ज की जा सकती है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगर बारिश की स्थिति बनही है तो मौसम साफ होते ही पुन- तापमान में गिरावट आ सकती है। इस कारण पूरे जनवरी महीने तक ठंड से राहत की स्थिति नहीं दिख रही है।

**पिछले तीन दिनों में तापमान की स्थिति**

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 12 जनवरी | 25 | 7.3 |
| 11 जनवरी | 24.1 | 12.6 |
| 10 जनवरी | 28.1 | 12. |

# बाइक की टक्कर से घायल महिला की मौत

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

सुआ नृत्य कार्यक्रम कर घर लौट रही महिला को बाइक ने टक्कर मार दी थी। इससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। उसे इलाज के लिए भटगांव अस्पताल से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिरहुलिया बाई पति हुकुम साय 69 वर्ष ग्राम तेलगवां थाना भटगांव की रहने वाली थी। 10 जनवारी को गांव के ही अन्य महिलाओं के साथ सुआ नृत्य कार्यक्रम में शामिल होने बरपारा गई थी। वहां से शाम को सभी वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में ढंग़राटिकरा के पास पिछे से अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में बिरहुलिया व एक अन्य महिला घायल हो गई थी। दोनों को इलाज के लिए भटगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां बिरहुलिया की स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# जो तूफानों में पलते जा रहे हैं वही दुनिया बदलते जा रहे हैं

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 12 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।



विवेकानंद जयंती पर सरस्वती महाविद्यालय में युवा दिवस का शुभारंभ सरस्वती महाविद्यालय में किया गया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीपी तिवारी द्वारा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक युवा देश है और राष्ट्र युवा दिवस 2024 का विषय है उठो जागो और अपने पास मौजूद शक्ति को पहचानो और उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस पहली बार 12 जनवरी 1984 में मनाया गया था। इसके पश्चात महाविद्यालय के सहायक अध्यापक ऋषि सिंह द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं के लिए अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कभी मत कहो कि मैं नहीं कर सकता क्योंकि आप अंत हो और जो तूफानों में पलते जा रहे हैं वही दुनिया बदलते जा रहे हैं। इसके बाद महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सूरज कुमार ने विवेकानंद के जन्मोत्सव पर छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि करियर किसी भी व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है। यह किसी भी इंसान के जीवन शैली का नेतृत्व करता है। जिससे समाज में उनकी स्थिति निर्धारित होती है। इसके पश्चात महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक रानू निशा ने भी अपना वक्तव्य बच्चों के सामने रखा कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक अध्यापक प्रवीण शर्मा सूरज कुमार रितु ठाकुर एवं महाविद्यालय के छात्रा राधा यादव आरुषि चौबे अंजना लकड़ा एवं छात्र परमानंद दुबे दिनेश मणि शुभम नितेश दुबे इतने स्वयंसेवक भी उपस्थित थे।

# घर से गायब हुआ नाबालिग अपहरण का अपराध दर्ज

– संवाददाता –
अम्बिकापुर, 12 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।



दसवीं कक्षा में पढने वाला एक छात्र विगत एक सप्ताह से अपने घर से गायब हो गया है परिजनों द्वारा उसकी खोजबीन करने के बाद भी बालक के नहीं मिलने पर पुलिस को जानकारी दी गई जिसपर पुलिस ने मामले में अपहरण का अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार उत्तरी रिंगरोड निवासी रमेश रावत के दो पुत्र हैं जिनमें बड़ा पुत्र सागर दसवीं कक्षा का छात्र है विगत दिनों सागर के परीक्षा में कम अंक आने पर पिता ने उसे अच्छे से नहीं पढने पर फटकारा था जिसके बाद से 9 जनवरी को प्रात- 5 बजे से सागर परिजनों को बिना कुछ बताए कहीं चला गया। परिजनों द्वारा उसकी काफी खोजबीन की गई परन्तु उसका कुछ पता नहीं चला। जिसपर परिजनों ने इसकी सूचना गांधीनगर थाने में दी। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपहरण का अपराध दर्ज कर लिया है।

# अवैध रूप से संचालित डामर प्लांट सील,तहसीदार ने की कार्रवाई

– संवाददाता –
बतौली, 12 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।



तहसीलदार बतौली ने ग्राम बालमपुर में 3 वर्षों से अवैध रूप से संचालित हो रहे डामर प्लांट को शुक्रवार को सील कर दिया। निजी जमीन में स्थापित डामर प्लांट को ग्राम वासी वर्षों से हटाने के लिए प्रयास कर रहे थे।

बतौली विकासखंड के बालमपुर में पिछले तीन वर्षों से संचालित डामर प्लांट को कलेक्टर सरगुजा और एसडीएम सीतापुर के निर्देश पर बतौली तहसीलदार संजय सारथी ने दल-बल के साथ जाकर सील कर दिया। बालमपुर के ग्रामवासी पिछले तीन वर्षों से प्रदूषण को लेकर प्लांट के खिलाफ में थे। तीन वर्षो से ग्रामवासियों से विवाद चल रहा था। कलेक्टर से शिकायत के बाद तहसीलदार संजय सारथी ने आज कार्यवाही करते हुए डामर प्लांट को सील किया। डामर प्लांट में अवैध रूप से 150 ट्रक गिट्टी जब्त किया गया।

डामर प्लांट के मुंशी विभु सिंह ने बताया कि यह पत्थलगांव के मेसर्स अशोक अग्रवाल का डामर प्लांट है। जो तीन वर्ष पूर्व स्थापित किया गया था। तहसीलदार ने जब जांच के लिए पेपर की मांग की तब कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नही था।पर्यावरण, लाइसेंस, गिट्टी के पिट पास सभी अनुपलब्ध थे। इससे तहसीलदार ने जब्त कर डामर प्लांट को सील कर दिया। इस कार्रवाई में तहसीलदार संजय सारथी, राजस्व निरीक्षक धर्मेंद्र दुबे, शिवपूजन तिवारी के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अम्बिकापुर की हिमांशी बनी सिविल जज,हासिल की 6 वां स्थान



– संवाददाता –
अंबिकापुर, 12 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

अम्बिकापुर के संगम चौक की रहने वाली हिमांशी अब जज बन गई है। शुरू से मेधावी रही हिमांशी ने अपनी पढ़ाई अम्बिकापुर में ही रहकर की जबकि हिमांशी ने एलएलबी की डिग्री गुरुघासीदास विश्विद्यालय से हासिल की। एलएलबी की डिग्री लेने के बाद हिमांशी ने अपने पहले ही प्रयाश में सफलता हासिल की है। हिमांशी संगमचौक के रहने वाले घनश्याम सर्राफ की बेटी है जबकि उनकी माँ का नाम लीना सर्राफ है। हिमांशी ने अपने सफलता का श्रेय ईश्वर को देने के साथ ही माँ- बाप समेत पूरे परिवार और गुरुजनों को दिया है। हिमांशी के इस सफलता के बाद उनके परिवारजनों में खुशी व्यपात है और हर कोई हिमांशी और उनके परिवार को शुभकामनएं दे रहा है। हम आपको बता दें कि सिविल जज की परीक्षा में हजारों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था जिनमे से करीब 150 के करीब अभियार्थी इंटरव्यू तक पहुचे थे जहां बेहतर प्रदर्शन करते हुए हिमांशी ने ये मुकाम हासिल किया है।

# चालक से मारपीट कर बदमाशों ने लूटे रुपए,मोबाइल पिकअप लेकर फरार

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 12 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।




लुचकी घाट के पास 10 जनवरी की रात को 3-4 बदमाशों ने वाहन रोकवाकर चालक से मारपीट कर रुपए व मोबाइल के साथ पिकअप लूटकर फरार हो गए। पिकअप चालक कोतवाली पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। इस मामले में पुलिस ने दो दिन बाद एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार विनोद तिर्की ग्राम परसापाली थाना कोट बिलासपुर का रहने वाला है। वह अंबिकापुर गांधीनगर में रहकर अपने जिजा संतय एक्का का पिकअप चलाने का काम करता है। विनोद 10 जनवारी को पिकअप क्रमांक सीजी 15 इवी 7925 में सामान लोड कर अंबिकापुर से बतौली पहुंचाने गया था। उधर से रात को वापस अपने घर लौट रहा था। रास्ते में लुचकी घाट के पास रात करीब 11 बजे लघुशंका करने के लिए रोका था। तभी तीन से चार युवक वहां पहुंचे और चालक के साथ मारपीट कर पर्स में रखे 12 हजार रुपए नकदी व मोबाइल के साथ पिकअप को लूटकर फरार हो गए। पिकअप चालक किसी तरह कोतवाली पहुंचा और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस इस मामले में दो दिन बाद एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कीटनाशक सेवन कर युवक ने दी जान

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 12 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

एक युवक अज्ञता कारण से कीटनाशक सेवन कर लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार श्रीड्क्षसह पिता हाकिम गोड़ उम्र 30 वर्ष खडगवां थाना प्रतापपुर का रहने वाला था। गुरुवार को श्रीसिंह अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर लिया था और पूरी रात किसी को बिना बताए सोया रहा। सुबह जब उसकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई तो वह परिजन को कीटनाशक सेवन करले की बात बताई। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# स्वयं सहायता समूह सम्मेलन हुआ संपन्न,300 समूह की महिलाओं को 80 करोड़ स्वीकृत राशि का हुआ वितरण

– संवाददाता –
लखनपुर, 12 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।



जनपद पंचायत लखनपुर के स्वयं सहायता समूह के लिए स्वयं सहायता समूह सम्मेलन का आयोजन सामुदायिक भवन लखनपुर में किया गया। जिसमें सरगुजा जिले के 300 समूह की महिलाएं मौजूद रही। सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के उप आंचलिक प्रमुख भोपाल श्याम सुंदर माथुर,रिजिनल मैनेजर रणधीर सिंह ,मुख्य प्रबंधक संजय प्रधान क्षेत्रीय कार्यालय,भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिनेश साहू, मुख्य नागरपालिका अधिकारी जितेंद्र बहादुर पटेल नगर पंचायत लखनपुर ,डीपीएम एफआई सुभाष मिश्रा , बीपीएम मनोज कुमार किस्पोट्टा साथ ही बिहान की पूरी टीम एवं समस्त बैंक के शाखा प्रबंधक मौजुद रहे। पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों के द्वारा उपस्थित समूह की महिलाओं को सम्मानित करते हुए रोजगार को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई जिससे महिलाएं रोजगार से जुड़कर सशक्त बन सकें।

सरगुजा जिले के सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा लखनपुर ,कुन्नी ,लहपट्रा , लुण्ड्रा,खमरिया,उदयपुर ,उदारी ,धौरपुर, एवम विभिन्न शाखाओ के समूह हितग्राही उपस्थित थे इस सम्मेंलन में सभी शाखा को मिलाकर लगभग 300 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार हेतु सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया भोपाल उप आंचलिक प्रमुख श्याम सुंदर माथुर के हाथों 80 करोड़ स्वीकृति राशी समूह की महिलाओं को वितरण किया गया। साथ ही मुद्रा लोन एवं छोटे उद्यमियों को आगे बढ़ने हेतु लोन के बारे में बताया गया । स्वयं सहायता समूह सम्मेलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# मकर संक्रांति पर पतंग उत्सव,दुबई का पतंग रहेगा आकर्षण का केंद्र

» सरगुजा सेवा समिति पतंग उत्सव के लिए बच्चों से भाग लेने की अपील

– संवाददाता –
अम्बिकापुर, 12 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

मकर संक्रांति पर्व पर इस बार 14 जनवरी को गांधी स्टेडियम मैदान में भव्य पतंग उत्सव आयोग का आयोजन होगा। शुक्रवार को सरगुजा सेवा समिति की अध्यक्ष रजनी रविशंकर त्रिपाठी प्रेस क्लब भवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पतंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन गांधी मैदान में आयोजित किया गया है।पतंग उत्सव आयोजन इसलिए हो रहा है कि बच्चे इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और अपनी संस्कृति को पहचाने। इस बार के पतंग उत्सव में दुबई से विशेष प्रकार का पतंग मंगाया गया है,जो बच्चों सहित सभी वर्गो के लोगों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र होगा।

सरगुजा सेवा समिति के उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन पतंग उत्सव परंपरागत त्योहार है, परंपरा एवं संस्कृति बरकरार रहे इसलिए इसे 14 जनवरी को मनाते हैं। आजकल के बच्चे इसे भूलते जा रहे हैं,यह उत्सव विलुप्त ना हो इसलिए बच्चों को प्रोत्साहित करने पतंग उत्सव कार्यक्रम कराया जा रहा है।इस उत्सव में बच्चे अधिक से अधिक भाग ले एवं इस परंपरागत त्यौहार को धूमधाम से मनाए। समिति के महासचिव संजय अग्रवाल ने बताया कि गांधी स्टेडियम मैदान में दो तरीके से पतंग उत्सव कार्यक्रम आयोजित है एक फैंसी पतंग प्रतियोगिता,दूसरा पतंग काटो प्रतियोगिता है।इस उत्सव में अबतक 50 टीम भाग ले चुकी है,एंट्री शुल्क 20 रुपए रखा गया है। उत्सव में चीनी माझा धागा को प्रतिबंधित किया गया है, इंडियन माझा धागा ही मान्य होगा। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पतंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन पिछले 15 वर्षो से किया जा रहा है।इस बार उक्त दोनों प्रतियोगिता के लिए प्रथम पुरस्कार 3100 रुपये,द्वितीय पुरस्कार 2100 एवं तृतीय पुरस्कार 1100 रुपए रखा गया है।इसके अलावा जो भी बच्चे इस उत्सव में भाग लेंगे उन्हें मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मैदान के अंदर पतंग और लटाई का स्टाल लगाया जाएगा।समिति की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी ने अंबिकापुर नगर के अधिक से अधिक बच्चों से इस पतंग उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।प्रेस वार्ता के दौरान समिति के महासचिव राजेश कश्यप,उपाध्यक्ष प्रयाग साहू,सदस्य किशोर शर्मा एवं पतंग उत्सव के प्रायोजक व संयोजक संजय भोरा मौजूद थे।



# हवा में विमान का दरवाजा टूटने की खौफनाक घटना के बाद जागा प्रशासन,गोद में बच्चों को बैठाने पर अलर्ट

**वॉशिंगटन,12 जनवरी 2024 ।** अमेरिका में पांच जनवरी को अलास्का एयरलाइंस के विमान के साथ बीच हवा में खौफनाक घटना सामने आई थी। इस विमान की एक खिड़की और फ्यूजलेग हवा में निकल गए थे। इससे उसमें सवार 171 यात्रियों की जान पर संकट बन आया था। इसके बाद इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी थी। डरावनी घटना के बाद एक असुरक्षित बच्चे के साथ क्या हो सकता है, इस बात को लेकर डर पैदा हो गया है। शीर्ष अमेरिकी हवाई सुरक्षा अधिकारी सख्ते में आ गए हैं। वह एक के बाद एक अलर्ट जारी कर रहे हैं। अब उन्होंने छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक चेतावनी दी है।



### माता-पिता के लिए चेतावनी

राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के अध्यक्ष जेनिफर ने माता-पिताओं से उड़ान भरते समय अपने बच्चों की सुरक्षा पर भी ध्यान देने की बात कही है। उन्होंने आग्रह किया है कि अभिभावक उड़ान भरते समय अपने शिशुओं के लिए सीटें और एफएए-अनुमोदित वाहक खरीदें।

वहीं, जेनिफर ने जोर देकर कहा कि उड़ान के दौरान छोटे धक्कों से भी चोटें लग सकती हैं, इसलिए बच्चों को गोद में बैठाने की बजाय उन्हें सुरक्षित सीट पर बैठाया जाना चाहिए। इसके लिए एयरलाइंस रुपये ले सकती हैं। लेकिन कम से कम बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से तो सही रहेगा।

### यह है खौफनाक घटना

अमेरिका में पांच जनवरी को अलास्का एयरलाइंस के जिस विमान का दरवाजा बीच हवा में टूटा था, उसमें घटना के वक्त 171 यात्री और चालक दल के छह लोग सवार थे। एयरलाइंस की फ्लाइट ने पोर्टलैंड इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान के क्रू को विमान में हवा के दबाव की स्थिति का सामना किया। इसके कुछ देर बाद ही विमान का विंडो पैनल टूट गया। यह विमान का इमरजेंसी एग्जिट डोर था, जिसके बाद विमान की वापस पोर्टलैंड एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी।

बताया जा रहा है कि,बोइंग 737 में सवार तीन यात्रियों ने सीटबेल्ट नहीं पहन रखी थी। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के अध्यक्ष जेनिफर ने रविवार को बताया कि विमान में तीन बच्चे देखभाल करने वालों की गोद में थे।

### दो साल से कम उम्र के बच्चे...

न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, दो साल से कम उम्र के बच्चे मुफ्त में उड़ान भर सकते हैं और उन्हें अमेरिका में अलग से विमान टिकट की आवश्यकता नहीं है। इसके बजाय, उन्हें अपने माता-पिता या अभिभावक की गोद में बैठाया जा सकता है। यानी बच्चों की सुरक्षा के लिए सिर्फ बड़े लोगों के हाथ हैं।

यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ डकोटा के एविएशन विभाग के सहायक प्रोफेसर क्वासी अडजेकुम ने कहा कि अगर हवा के जोर से किसी माता-पिता के हाथ से बच्चा छूट जाता तो उसे बचाया जाना संभव नहीं था।

# लोगों की रक्षा के लिए संकोच नहीं करेंगे,लाल सागर में हमलों पर हूती विद्रोहियों को बाइडन की चेतावनी

**वॉशिंगटन,12 जनवरी 2024।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यमन के हूतियों के खिलाफ अमेरिका और ब्रिटिश हवाई हमले को रक्षात्मक बताया है। इसी के साथ उन्होंने चेतावनी दी है कि ईरान समर्थित विद्रोही अगर लाल सागर में हमले करना जारी रखता है तो इसके खिलाफ उचित कदम उठाया जाएगा। हूतियों ने बताया कि वे गाजा में इस्राइल के हमले का जवाब दे रहे हैं और उन्होंने हमले के कारण यमन में हुए नुकसान का बदला लेने की कसम खाई है।

### अमेरिका का हस्तक्षेप करना जरूरी

बाइडन ने बताया कि क्षेत्र में अमेरिका का हस्तक्षेप करना आवश्यक था, क्योंकि हूतियों का यह हमला लाल सागर में जहाजों के परिवहन की स्वतंत्रता के लिए खतरा बन रहा था। अपने एक बयान में बाइड ने कहा कि इस तरह के हमले अमेरिकी सुरक्षाबलों के लिए, नाविकों और हमारे व्यापार साझेदारों के लिए भी खतरा था।



### हूती मिसाइलों को निशाने पर लेते हुए किया गया था हमला

अमेरिका के अधिकारियों ने बताया कि नौ जनवरी को हूतियों द्वारा बड़े हमले के बाद बाइडन सरकार को कार्रवाई करने पर मजबूर होना पड़ा। अमेरिका और ब्रिटिश हवाई हमले ने करीब 20 मिसाइलों और ड्रोनों को मार गिराया। अधिकरियों ने कहा कि यदि यह रक्षात्मक मिशन नहीं होता तो शायद कई जहाजों पर हमला किया जाता। इस हमले में केवल हूतियों के मिसाइलों को निशाना बनाया गया था और इस हमले में क्षति का आकलन अभी भी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

उन्होंने बताया कि 27 बार हूतियों द्वारा जाहाजों पर किए गए हमले जिसमें जहाज रोधी बैलिस्टिक मिसाइल हमला भी शामिल था, के बाद अमेरिका द्वारा हमला किया गया था। इस हमले का ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, जर्मनी, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड भी समर्थन कर रहा है। बाइडन ने हूतियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे लोगों और वाणिज्य के मुख्त प्रवाह की रक्षा करने के लिए संकोच नहीं करेंगे।

# भारतीय मूल के दो उद्यमी सियासी रण में उतरे,दो मई को चुनाव होंगे; सादिक खान को कड़ी चुनौती

**लंदन,12 जनवरी 2024।** लंदन के मेयर का चुनाव काफी अहम होने वाला है। दरअसल, भारतीय मूल के लोगों का वर्चस्व बढ़ रहा है। इसका प्रमाण पहली बार ब्रिटेन में भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हैं। ताजा घटनाक्रम में दो भारतीय मूल के उद्यमी लंदन के मेयर इलेक्शन में ताल ठोक रहे हैं। मेयर सादिक खान को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरे भारतीय मूल के दो उद्यमियों में एक की पहचान 63 वर्षीय व्यवसायी तरुण गुलाटी के रूप में हुई है। उन्होंने पिछले साल के अंत में भारत की यात्रा की थी। इसी दौरान इन्होंने मेयर पद के चुनाव अभियान की शुरुआत भी की थी। 62 वर्षीय उद्यमी श्याम भाटिया भी सियासी रण में ताल ठोक रहे हैं। सादिक खान के अलावा लगभग एक दर्जन उम्मीदवार मैदान में हैं। गुलाटी ने चुनावी नारे के रूप में विश्वास और विकास पर जोर दिया है, जबकि भाटिया ने आशा का राजदूत होने का नारा दिया है।



समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक गुलाटी ने अपने चुनावी अभियान को लेकर कहा, ऐसी धारणा बढ़ रही है कि मौजूदा मेयर समर्थन खो चुके हैं। पार्टी के एक अन्य प्रमुख दावेदार के प्रति मतदाता बहुत उदासीन लग रहे हैं। ऐसे में उन्होंने लंदन का अगला मेयर बनने के लिए स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि वे किसी पार्टी की विचारधारा और पूर्वाग्रह के बिना, विचारों और नीतियों के मुक्त प्रवाह को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनता की राय उनके पास बड़ी संख्या में आ रही है। वे लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। फैसला लेने की प्रक्रिया में नागरिकों को भी शामिल करना संभव है। दिल्ली में जन्मे रणनीतिक सलाहकार गुलाटी 20 साल से अधिक समय से लंदन में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि लंदन को सभी के लिए सुरक्षित बनाना, लंदन को फिर से आगे बढ़ाना, समुदायों को मजबूत करना शहर की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

# पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल आरोपी निखिल को फिर मिला झटका,अदालत ने सबूत देने से किया इनकार

**वॉशिंगटन,12जनवरी 2024।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नु की हत्या की साजिश रचने के आरोपी निखिल गुप्ता की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अमेरिका की एक अदालत ने बचाव सामग्री यानी सबूत देने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है। दरअसल, अमेरिकी सरकार ने चेक गणराज्य की जेल में बंद भारतीय नागरिक निखिल को बचाव सामग्री प्रदान करने को लेकर आपत्ति जताई थी। सरकार का कहना है कि वह न्यूयॉर्क की अदालत में पेशी और मामले में अभियोग के बाद ही जानकारी प्रदान करेगी।



### जून से जेल में बंद

निखिल गुप्ता पर संघीय अभियोजकों ने पिछले साल नवंबर में एक अभियोग में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका की जमीन पर मारने की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया है। खालिस्तानी पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। निखिल को 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य के प्राग में गिरफ्तार किया गया था और इस समय उन्हें वहीं रखा गया है। अमेरिकी सरकार उनके अमेरिका प्रत्यर्पण की मांग कर रही है।

### चार जनवरी को मांगा सबूत

आरोपी निखिल के वकील ने चार जनवरी को न्यूयॉर्क के सदर्न डिस्ट्रिक्ट के यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में एक प्रस्ताव दायर किया था, जिसमें अदालत से संघीय अभियोजकों को 'तत्काल आरोपों के बचाव के लिए प्रासंगिक बचाव सामग्री' प्रदान करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया। अमेरिकी जिला न्यायाधीश विक्टर मरेरो ने गुरुवार को बचाव सामग्री देने के अनुरोध को खारिज कर दिया।

### आठ जनवरी को तीन दिन का दिया था समय

इससे पहले, अमेरिकी जिला न्यायाधीश विक्टर मारेरो ने आठ जनवरी को गुप्ता के वकील द्वारा दायर प्रस्ताव का जवाब देने के लिए सरकार को तीन दिन का समय दिया था। सरकार ने बुधवार को जिला अदालत में दायर अपने जवाब में कहा था कि सामग्री मांगने वाले गुप्ता के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए। सरकार की ओर से जवाब देते हुए अमेरिकी अटॉर्नी डेमियन विलियम्स ने कहा कि गुप्ता को इस समय ऐसा कोई कानूनी अधिकार या औचित्य नहीं है।

### अदालत ने यह कहा

मरेरो ने कहा कि अदालत सरकार के इस तर्क से सहमत है कि गुप्ता के पास इस समय सबूत मांगने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि गुप्ता को अभी तक इस मामले में आरोपित नहीं किया गया है। सरकार फिलहाल चेक गणराज्य से अमेरिका में गुप्ता के प्रत्यर्पण की मांग कर रही है।

### गुप्ता के वकील का तर्क

न्यूयॉर्क में गुप्ता के वकील जेफ चाब्रोवे ने अपने प्रस्ताव में कहा था कि अमेरिकी अभियोग के अलावा उन्हें किसी भी प्रकार का कोई सबूत या दस्तावेज नहीं दिया गया है। सबसे गंभीर बात यह है कि अभियोग के बाद भी प्रतिवादी से अमेरिकी अधिकारियों द्वारा पूछताछ जारी है, जहां उसके बेखबर वकील के पास उसे सुरक्षित करने की कोई क्षमता या अधिकार नहीं है। इसलिए अदालत से सरकार को यहां बचाव उपाय तलाशने के अनुरोध का अनुपालन करने का आदेश देने का अनुरोध किया जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पीटीआई चुनाव चिन्ह का मामला,मुख्य न्यायाधीश बोले- चुनाव आयोग के काम में दखल...

**इस्लामाबाद, 12 जनवरी 2024 ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के चुनाव चिन्ह का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुनवाई के दौरान पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज इसा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग का काम नहीं करेगा। तीन जजों जस्टिस इसा, जस्टिस मुहम्मद अली मजहर और जस्टिस मसरत हिलाली की पीठ सुनवाई कर रही है।



### क्या है पूरा मामला

पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने बीते दिनों पीटीआई को झटका देते हुए आंतरिक चुनाव नहीं कराने के आरोप में चुनाव चिन्ह बैट का इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी थी। चुनाव आयोग के इस फैसले के खिलाफ पीटीआई ने पेशावर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। पेशावर हाईकोर्ट ने पीटीआई को राहत देते हुए चुनाव आयोग के फैसले पर रोक लगा दी थी। पेशावर हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ पाकिस्तानी चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कही ये बात

चुनाव आयोग की याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश इसा ने कहा कि अगर वह (चुनाव आयोग) अपना काम कर रहे हैं, तो हम उनका काम नहीं करेंगे और ना ही बताएंगे कि कैसे करना है और बेहतर कैसे करना है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ना सिर्फ एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है, बल्कि यह एक संवैधानिक संस्था भी है। इसके दो काम हैं एक राजनीतिक पार्टियों को रेगुलेट करना और दूसरा निष्पक्ष और मुक्त चुनाव कराना। सुनवाई के दौरान वकील हामिद खान पीटीआई की तरफ से दलील पेश कर रहे हैं, वहीं वकील मखदूम अली खान चुनाव आयोग का पक्ष रख रहे हैं। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। पीटीआई का आरोप है कि उन्हें चुनावी प्रक्रिया से दूर रखने की कोशिश की जा रही है।

# चौतरफा दबाव बेअसर,रूस यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था;उद्यमियों के साथ बैठक में राष्ट्रपति पुतिन

**मॉस्को, 12 जनवरी 2024 ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर से चौतरफा दबाव के बावजूद यूरोपीय देशों के बीच रूस सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।



उन्होंने उद्यमियों के साथ एक बैठक के दौरान देश की अर्थव्यवस्था को लेकर कई अहम बातें कही। रूसी मीडिया आउटलेट टीएएसएस के मुताबिक पुतिन ने कहा कि क्रय शक्ति समानता के मामले में रूस दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा देश है।

### उद्यमियों के साथ बैठक में बोले राष्ट्रपति पुतिन

उन्होंने कहा कि रूस पूरे यूरोपीय महाद्वीप में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। रूस के सुदूर पूर्वी इलाके में काम करने वाले उद्यमियों के साथ एक बैठक में पुतिन ने कहा, हर तरफ से हमारा गला घोंटा जा रहा है। दबाव डाला जा रहा है। अब हम जर्मनी को पीछे छोड़कर यूरोप में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं।

### रूस से आगे किन देशों की इकोनॉमी

पुतिन ने कहा कि देश में प्रति व्यक्ति संकेतक को सुधारने के लिए अभी भी बहुत कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर जर्मनी को पीछे छोड़कर रूस पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। क्रय शक्ति समानता के आधार पर सकल घरेलू उत्पाद की गणना करने पर रूस के आगे केवल चीन, अमेरिका, भारत और जापान हैं।

# ब्रुनेई के प्रिंस अब्दुल मतीन अपनी मंगेतर से शादी के लिए तैयार,10 दिनों तक चलेगा भव्य समारोह

**बंदर सेरी बेगवान, 12 जनवरी 2024।** ब्रुनेई के पोलो खिलाड़ी और एशिया के सबसे योग्य कुंवारों में से एक प्रिंस अब्दुल मतीन ने गुरुवार को अपनी मंगेतर से शादी करने के लिए तैयार हैं। तेल समृद्ध सल्तनत का यह भव्य शादी समारोह 10 दिनों तक चलेगा।

### भव्य शादी में शामिल होंगे दुनियाभर के अमीर लोग

32 वर्षीय प्रिंस और उनकी 29 वर्षीय मंगेतर यांग मुलिया अनीशा रोसना की शादी राजधानी बंदर सेरी बेगवान में सोने की गुंबद वाले मस्जिद में होने वाली है। बता दें कि मतीन एक समय पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा समय तक राज करने वाले और सबसे अमीर व्यक्ति रहे सुल्तान बोलकिया के 10वें संतान हैं। वहीं मतीन की मंगेतर उनके पिता के प्रमुख सलाहकारों में से एक की पोती है। इस भव्य शादी समारोह में दुनियाभर के अमीर व्यक्तियों और नेताओं के शामिल होने की संभावना है।



### प्रिंस हैरी से की जाती है तुलना

ब्रुनेईवासी रविवार को सड़कों पर शाही जोड़ा के गुजरने के दौरान सड़क के किनारों पर कतार में खड़े होने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, मतीन के कभी भी शासक बनने की संभावना नहीं है, लेकिन उनकी लुक और सोशल मीडिया पर उनकी फॉलोअर्स ने उन्हें शाही परिवार के हाई प्रोफाइल सदस्यों में से एक बना दिया है। प्रिंस मैतीन की तुलना ब्रिटेन के प्रिंस हैरी से की जाती है। बता दें कि पिछले साल वह प्रिंस चार्ल्स और रानी कैमिला के राज्यभिषेक और 2022 में रानी एलिजाबेथ के अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे।

# गांजा सहित एक आरोपी गिरफ्तार थाना जयनगर पुलिस ने की कार्यवाही

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के सख्त निर्देश पर जिले के थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा लगातार नशे के कारोबार में लिप्त लोगों पर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में दिन गुरुवार को को थाना जयनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम नयनपुर में एक मोटर सायकल में 2 व्यक्ति गांजा बिक्री करने के लिए खड़े है।



थाना जयनगर पुलिस ने ग्राम नयनपुर में घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित हरिचरण राजवाड़े पिता नारायण प्रसाद उम्र 24 वर्ष ग्राम कुरूवा, थाना विश्रामपुर को पकड़ा जिसके कब्जे से 1 किलो गांजा कीमत 20 हजार रूपये का जप्त किया गया।

पूछताछ पर आरोपी ने अपने 1 अन्य साथी के साथ मिलकर गांजा बिक्री करने हेतु लेकर आना बताया। मामले में गांजा व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रकरण के फरार 1 अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी, एएसआई महिपाल सिंह, प्रवीण राठौर, प्रधान आरक्षक मुकेश्वर वर्मा, रजिन्दर एक्का, आरक्षक विकास मिश्रा, भुनेश्वर सिंह, विवेक विश्वकर्मा, नीरज सिंह, सैनिक अली अकबर, नोहर, मुजाहिद व जहांगीर सक्रिय रहे।

# विधायक उदेश्वरी पैकरा भारी बहुमत से जीत कर पहली बार पहुंची चांदो

» **युवा मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फुल मालाओं एंव पटाखों से किया भव्य स्वागत**

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर (चांदो),12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** सामरी विधान सभा क्षेत्र की महिला विधायक उदेश्वरी पैकरा भारी बहुमत से जीत कर पहली बार चांदो क्षेत्र में पहुंची,जिसमे हिंदू युवा मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा फुल मालाओं एंव पटाखों से भव्य स्वागत किया। आपको बता दें कि चांदो के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के पास कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक उदेश्वरी पैकरा को लड्डू से तौला गया।





विधायक उदेश्वरी और पूर्व संसदीय सचिव सिद्धनाथ पैकरा के द्वारा भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुरूवात किया गया । कार्यक्रम में चांदो हाई स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर के बालिका के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुति के साथ ही मितानिन बहनों के स्वागत गान के साथ फूलों की वर्षा के साथ विधायक उदेश्वरी पैकरा का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि विधायक उदेश्वरी पैकरा व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव सिद्धनाथ पैकरा, अंकुश सिंह, चांदो मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह, बंशीधर गुप्ता, भोला यादव, रमेश भगत ,शिवशंकर शुक्ला, देवसागर गुप्ता, कपिल एक्का, विकास मण्डल, संतोष गुप्ता, मुनु जयसवाल,सकेन्द्र टोप्पो ,अमरसाय , फउसा भगत, चांदो सरपंच मीनू महतो, अमरनाथ एवं भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता जनक नाग, विनय गुप्ता, बबन गुप्ता, नवनीत तिवारी, अभिषेक जायसवाल, नीरज जायसवाल, संजय गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, एवं अभी युवा नेता समलित रहे। कार्यक्रम समाप्ति की ओर क्षेत्रीय विधायक उदेश्वरी पैकरा के द्वारा उद्बोधन कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई जिसमें क्षेत्र के सभी ग्रामीण एवं सरपंच सचिव सहित हजारों की संख्या में ग्रामीणजन एकत्रित थे।

# क्या झुमका जल महोत्सव के नाम पर फिर होगी जिले के ठेकेदारों से वसूली ?

**झुमका पर्यटन स्थल की स्थिति है दयनीय फिर भी महोत्सव मनाने के लिए होंगे लाखों खर्च**

**क्या वर्तमान सरकार ने भी इस महोत्सव के लिए कलेक्टर को दे दी है अनुमति ?**

**क्या फिर महोत्सव के दौरान नाचेंगे अधिकारी कर्मचारी व नेता ?**

**पिछली बार टूटी थी कुर्सियां...कुर्सी तोड़ने वालों के परिजनों ने चुकाई थी कीमत...इस बार क्या होगा महोत्सव में ?**












### झुमका क्षेत्र में साफ सफाई का है आभाव,कई अन्य सुविधाओं की है क्षेत्र में दरकार

झुमका क्षेत्र में साफ सफाई का आभाव है,इस क्षेत्र में पिकनिक नहीं मनाए जाने की बात तय है फिर भी लोग यहां पिकनिक मनाते हैं और कूड़ा छोड़कर जाते हैं जिसकी सफाई करने वाला कोई नहीं हैं। पिछले दिनों इस आशय की खबर भी दैनिक घटती घटना में प्रकाशित की गई थी जिसके बाद भी किसी जिम्मेदार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया था और अब उत्सव की तैयारी करने प्रशासन जुटा हुआ है। बता दें की यहां आने वालों को वाहन कर भी देना होता है बावजूद इसके सुविधा स्वक्षता के नाम पर क्षेत्र अभाव में है।

### पिछले वर्ष के आयोजन में टूटी थीं कुर्सियां,कुर्सी तोड़ने वालों के परिजनों ने भरी थी कुर्सियों की लागत

झुमका जल महोत्सव का यह दूसरा वर्ष होगा,प्रथम वर्ष के आयोजन में झुमका जल महोत्सव के दौरान कार्यक्रम के दौरान उत्सव में टेंट वालों से मंगाई गई सैकड़ों कुर्सियां पीछे बैठे युवकों ने तोड़ दी थी और जिसके लिए उत्सव के दौरान की गई वीडियोग्राफी सहित गुप्तचरों का सहारा लिया गया था और कुर्सी तोड़ने वालों के परिजनों को पुलिस थाने बुलाकर कुर्सियों की लागत वसूली गई थी। कुर्सी तोड़ने वाले युवकों ने भी भीड़ में ऐसा करके यह समझा था की उन्हे कोई पहचानेगा नहीं लेकिन विडियो ग्राफी ने उनकी पोल खोल दी थी और उनके परिजनों को पुलिस थाने के चक्कर लगानी पड़ी थी।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले में झुमका को पर्यटन स्थल बनाने के लिए पिछली सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च किए पर आज भी स्थिति झुमका पर्यटन स्थल की दयनीय है जिस खबर को कुछ दिन पहले भी दैनिक घटती घटना ने प्रकाशित करके प्रशासन के संज्ञान में स्थिति को लाने का प्रयास किया था पर प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और अब फिर से दो दिवसीय झुमका पर्यटन स्थल पर झुमका जल महोत्सव का आयोजन करने की तैयारी है, वर्तमान सरकार को आए अभी एक महीने ही हुआ है और ऐसे में यह वृहद कार्यक्रम कैसे संपन्न होगा यह बड़ा सवाल है वही सामने लोकसभा चुनाव है जो भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है, इस बीच इतने बड़े कार्यक्रम को संपन्न करने का जिम्मा जिला प्रशासन ने उठा रखा है पर क्या इसकी अनुमति वर्तमान सरकार या फिर स्थानीय विधायक से मिल चुकी है क्योंकि ऐसी भी बात सामने आ रही है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर विभाग को यह कहा गया है कि अपने स्तर पर वसूली करके इस कार्यक्रम के लिए पैसे जुटाना आरंभ करें,राजस्व विभाग भू-माफियों से,खनिज क्रेशर व भट्टे संचालक से जुटाएगा महोत्सव के लिए राशि सूत्रों का ऐसा कहना है वहीं इस आयोजन में हर शासकीय विभाग को जिम्मेदारी मिलने वाली है और वह अपने स्तर पर खर्च जुटाएंगे। झुमका जल महोत्सव का यह दूसरा वर्ष होगा,झुमका जल महोत्सव का पहला वर्ष जिले में यादगार साबित हुआ था क्योंकि इस महोत्सव के दौरान ही सैकड़ों कुर्सियां तोड़ी गई थीं और जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों ने इस महोत्सव में जमकर ठुमके लगाए थे वहीं कई अधिकारी कर्मचारी इस महोत्सव में अपनी उन प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर पाए थे जिन्हे अन्य किसी मंच पर शायद ही सराहना मिलती लेकिन खुद के ही मंच पर सराहना मिलने की वजह से उन्होंने अपनी प्रस्तुति दी थी। झुमका जल महोत्सव वैसे संस्कृति विभाग के द्वारा मनाया जाना था लेकिन बताया जा रहा है की इसकी तैयारी जिले स्तर पर ही जिले के अधिकारी शुरू कर चुके हैं और इसका होना तय हो चुका है, इसके लिए सरकार से अनुमति ली गई की नहीं संस्कृति विभाग को सूचना दी गई की नहीं अभी इसका पता नहीं चल पाया है।

### जमकर हुई थी पिछले बार वसूली,इस बार भी क्या वसूली से ही संपन्न हो सकेगा उत्सव

सूत्रों की माने तो पिछले उत्सव के दौरान यह बात समाने आई थी की, झुमका जल महोत्सव के नाम पर जमकर वसूली हुई थी, यह वसूली ठेकेदारों से हुई थी ऐसा बताया गया था जो संबंधित विभाग के माध्यम से हुई थी, इस बार भी क्या वसूली के माध्यम से ही उत्सव होना तय है यह भी सवाल है क्योंकि इसको लेकर शासन से अनुमति ली गई है की नहीं यह स्पष्ट नहीं है।

### आयोजन में होना वाला व्यय आखिर आयेगा कहां से जबकि कई भुगतान कई जरूरी काम बजट के अभाव में रुके हुए हैं...

झुमका उत्सव में बड़े बजट के व्यय होने का अनुमान है,यह बजट कहां से आयेगा भले ही इसकी तैयारी जिला प्रशासन ने कर ली है और वह वसूली के माध्यम से है ऐसे में यह सवाल उठता है की किसी ऐसे ही आयोजन के लिए जिला प्रशासन अर्थ जुगाड कर ले रहा है जबकि जरूरी काम के लिए वह आज भी बजट का इंतजार कर रहा है जबकि इस व्यर्थ खर्च की बजाए जरूरी काम भी निपटाए जा सकते थे।

### झुमका महोत्सव को लेकर क्या कोई भी तिथि तय करना है जिला प्रशासन की जिम्मेदारी,एक निश्चित तिथि आखिर क्यों नहीं है तय महोत्सव के लिए

झुमका महोत्सव का दूसरा आयोजन जिले में होने जा रहा है,यह आयोजन इस बार 1,2 फरवरी को हो सकता है जबकि पिछले साल यह आयोजन 17,18 फरवरी के आसपास आयोजित था। झुमका महोत्सव का यदि आयोजन प्रतिवर्ष ही किया जाना है तो इसकी एक निश्चित तिथि क्यों तय नहीं है यह बड़ा सवाल है साथ ही सवाल यह भी है की प्रदेश में कई जिलों में कई महोत्सव होते रहते हैं और उसकी तिथि भी तय रहती है साथ ही उसके आयोजन को लेकर यह निश्चित्तता रहती है की वह किस दिन होना है जैसे राजिम महोत्सव, तातापानी महोत्सव, मैनपाट महोत्सव और वह निश्चित तिथि पर ही संपन्न होती है जबकि झुमका महोत्सव का दूसरा ही वर्ष है और यह तय नहीं हो सका है की यह प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाई जाएगी। वैसे बताया जा रहा है की जिला प्रशासन केवल उत्सव आयोजन करने के फेर में है उत्सव को लेकर उठ रहे सवालों से उसे कोई लेना देना नहीं क्योंकि यह मनमानी वाला उत्सव है जिसका दिन तिथि खुद जिला प्रशासन तय कर लेता है।

### इस वर्ष भी दो दिवसीय झुमका जल महोत्सव का होगा आयोजन

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय झुमका जल महोत्सव होना तय हो चुका है,प्रशासनिक स्तर पर जिला प्रशासन इसकी तैयारी में जुट चुका है केवल अब किसके जिम्मे क्या काम आने वाला है यह स्पष्ट रूप से बाहर आना शेष है, वैसे जिम्मेदारी बांट दी गई है उसका सार्वजनिक घोषणा होना मात्र बाकी है। झुमका महोत्सव विगत वर्ष का जिलेवासियों के लिए आज भी यादगार है और उसका कारण केवल यह है की उस समय महोत्सव में नेताओं और अधिकारियों की प्रस्तुति देखी गई थी साथ ही कुर्सियां तोड़कर जो नाचा हुआ था वह आज भी लोगों के जेहन में है।

### सांस्कृतिक व विभिन्न प्रतियोगिताओं के साक्षी बनेंगे कोरियावासी

झुमका जल महोत्सव के दौरान बताया जा रहा है की सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित कई प्रतियोगिताओं के जिले वासी साक्षी बनेंगे। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं सहित जिले की प्रतिभाओं को मंच दिया जायेगा जहां वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेगे। वैसे पिछली बार अधिकारियों कर्मचारियों सहित नेताओं ने भी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया था और कुछ प्रदर्शनों को छोड़कर शेष को ज्यादा समर्थन नहीं मिला था।

### विभिन्न विकास कार्यों का होगा लोकार्पण-भूमिपूजन

कोरिया जल महोत्सव के दौरान कई विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया जायेगा जैसा बताया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों के द्वारा यह लोकार्पण किया जायेगा। लोकार्पण जिले में वर्तमान सरकार की योजनाओं को बताने और उसे जन जन तक पहुंचाए जाने को लेकर किया जाएगा इस बताया जा रहा है।

## विभागीय निर्माण कार्य में बाहरी ठेकेदारों का, जनप्रतिनिधियों व स्थानीय ग्रामीण ने किया विरोध

-संवाददाता-
कोरिया/सोनहत,12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



कोरिया जिला अंतर्गत विंख सोनहत में जलसंसाधन विभाग द्वारा डीएमएफ व मनरेगा मद से स्वीकृत स्टांप डेम का मामला वर्तमान में काफी सुर्खियां बटोर रहा है, गौरतलब हो कि पूर्व में यह खबर प्रकाशित कर बताया गया था कि उक्त कार्य में बाहरी ठेकेदारों ने दबंगई से अधिकारियों से व नेताओं को सेंटिंग कर काम स्वीकृत करवाने का दावा करते हुए, स्थानीय जनप्रतिनिधियों को धमकी देते हुए हावी हो गये थे। यह मामला अब रोचक हो गया है और हर किसी के जूबान में इस मामले पर चर्चा हो रही है, और बाहरी ठेकेदारों का जमकर विरोध भी हो रहा है तथा उन्हें संरक्षण देने वालों का भी विरोध जमकर हो रहा है। जानकारी के मूताबिक उक्त निर्माण स्थल पर बाहरी ठेकेदारों द्वारा गुरुवार को निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने का जबरजस्ती प्रयास किया गया, जिसपर रोक लगाते हुए जनप्रतिनिधियों व स्थानीय सप्लायर द्वारा स्वयं काम बंद करवा दिया गया, फिर शुक्रवार को स्थानीय ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्य स्थल पर बाहरी ठेकेदारों को भगाओ सोनहत बचाओ का नारा लगाते हुए बाहरी ठेकेदारों का विरोध किया गया व कार्य को बंद करवा दिया गया।

## जागृति महिला मण्डल ने जरूरतमंद बच्चों को दिये गर्म कपड़े

**बालिका प्राथमिक शाला पटना में आयोजित कार्यक्रम में विधायक के साथ जिला शिक्षा अधिकारी हुये शामिल**

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर/ पटना,12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

बालिका प्राथमिक शाला पटना में जरूरतमंद बच्चों के लिये जागृति महिला मण्डल ने गर्म कपड़े, कॉपी, पेन देकर उनकी आवष्यकता को पूरा किया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े के साथ जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुप्ता उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि जागृति महिला मण्डल के पहल से सरपंच के साथ मिलकर गायत्री चौक स्थित मिनी स्टेडियम में पसरे गंदगी को साफ कराया था। आयोजित कार्यक्रम में जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष मीरा सोनी व उनके टीम द्वारा आये अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष रविषंकर शर्मा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जवाहर लाल गुप्ता,सेनिवृत शिक्षक राजेन्द्र सोनी,संपत कुशवाहा, रितेश सिंह,नगर विकास समिति के अध्यक्ष रोशन




गुप्ता, नितिन शर्मा, राहुल चाफेकर पटना के व्यवसायी राजेष सोनी के साथ कई सम्मानीय लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया। महिला जागृति मंडल की अध्यक्ष द्वारा अपने समिति के उद्देष्य को बताते हुये कहा गया कि हम लोगो ने महिला मंडल में सभी एकत्रित होकर समाज में फैले कुरितियों, अशिक्षा, साफ-सफाई के प्रति लोगों को जागरूक के साथ नशे के खिलाफ आवाज उठाते है। विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप महिला यदि चाह लें तो निष्चित ही समाज में फैले कुरितियां कम होंगी। आयोजित कार्यक्रम को सराहते हुये उन्हें धन्यवाद कहा और बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला विराजेंगे जिस पर सभी महिलाओं अनुरोध किया कि वह अपने आसपास मंदिर, देवालयों में साफ-सफाई कर दीप प्रत्वलित कर खुषयाली मनायें। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाऐं शामिल हुये साथ ही जागृति महिला मंडल के अध्यक्ष मीरा सोनी, उपाध्यक्ष प्रमिला शर्मा, नीलम पाण्डेय, कोषाध्यक्ष समिक्षा गुप्ता, सचिव वंदना शर्मा, ऊषा सिंह, संध्या गुप्ता के साथ जनपद अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह, उपाध्यक्ष आषा साहू साथ ही सैकड़ो की संख्या में महिला उपस्थित रहे।

### चुनाव से पूर्व हुये घोषणा को किया पूरा

ज्ञात हो कि पटना में मुक्ति धाम के लिये चुनाव से पूर्व हुये घोषणा जिसमें यह कहा गया था कि यदि मैं विधायक बनता हूं तो 10 लाख रूपये मुक्ति धाम के लिये दूंगा। जागृति महिला के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में नगर विकास समिति के द्वारा घोषणा की बात कही गयी, जिस पर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार तथा उसे सुंदर बनाने के लिये किये गये वादों के अनुसार 10 लाख की घोषणा करता हूं। पांच साल इसी दिन के लिये जनता ने मुझे चुना है की वह अपनी बात बिना डरे मुझसे कह सके।

## जल संसाधन विभाग के इंजीनियर की गुंडागर्दी आई सामने,घटिया निर्माण की तस्वीर खींचते भाजपा नेता की निजी कार को मजदूरों से कराया क्षतिग्रस्त

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/ पटना,12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

भाजपा नेता की कार के सीसे को मजदूरों से तुड़वाकर जल संसाधन विभाग के इंजिनियर ने अपने गुस्से को जाहिर किया। बताया जा रहा है की भाजपा नेता शिवम साहू जो खुद एक ठेकेदार हैं ने एक निर्माण कार्य जिसकी गुणवत्ता को लेकर उन्हे संदेह था की तस्वीर लेनी चाही जिसकी सूचना उक्त निर्माण कार्य कर रहे इंजिनियर जल संसाधन को लग गई और उन्होंने मौके पर पहुंचकर मजदूरों से भाजपा नेता की कार पर हमला करा दिया और कांच फोड़ दिया। भाजपा नेता किसी तरह अपनी गाड़ी लेकर वहां से निकल





सके जैसा बताया जा रहा है वरना कुछ भी अप्रिय हो सकता था उनके साथ।

मामला कसरा ग्राम के आसपास का बताया जा रहा है जहां जल संसाधन विभाग किसी निर्माण कार्य की एजेंसी है और खुद इंजिनियर निर्माण कार्य करा रहे हैं। उक्त निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नही रखा जा रहा है ऐसी शिकायत पर भाजपा नेता ने निर्माण कार्य की तस्वीर लेनी चाही जिसकी सूचना पर इंजिनियर मौके पर पहुंचे और भड़क उठे, उन्होंने मजदूरों से भाजपा नेता की कार पर हमला करवा दिया और गाड़ी का कांच फुड़वा दिया। पूरे मामले के बाद समझा जा सकता है की किस तरह निर्माण कार्यों की गुणवत्ता मामले में निर्माण एजेंसी शासकीय विभाग कोताही बरत रहे हैं वहीं अच्छे निर्माण की बात पर किस तरह हमलावर हो रहे हैं। जिले में इस घटना के बाद यह भी सवाल उठ रहा है की जब भाजपा नेताओं के साथ ही इस तरह की घटनाएं घट रही हैं तो आम लोगों की अपाप्ति पर कैसे परिणाम समाने आयेगे समझा जा सकता है।

## जनसंपर्क कर समस्याओं का निराकरण करा रहे मानोज त्रिपाठी

-संवाददाता-
कोरिया/सोनहत,12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

भरतपुर सोनहत विधायक के बेहद करीबी माने जाने वाले क्षेत्र के लोकप्रिय भाजपा कार्यकर्ता मानोज त्रिपाठी का जनसम्पर्क लगातार क्षेत्र में जारी है, आलम है कि मानोज क्षेत्र में लगातार लोगो से मिल कर उनकी समस्याओं का निराकरण करा रहे हैं, मनोज क्षेत्र में तेज तर्रार नेता के तौर पर जाने जाते है और इनके द्वारा राशन कार्ड पेंशन, मनरेगा मजदूरी भुगतान सहित पानी आदि की समस्याओं को सूची बद्ध कर अधिकारियों के बीच संवाद कर उसका निराकरण करा रहे हैं जिसका लाभ सीधे तौर क्षेत्र की जनता को



मिल रहा है, मानोज त्रिपाठी इन दिनों कटगोड़ी मढ़ौरा लटमा बसवाहि, नौगई में लगातार अपनी सक्रियता बनाये हुए हैं, वही मानोज के लगातार सक्रिय रहने के कारण जनता भी अब उनसे प्रभावित है। मानोज का कहना भाजपा सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहचाना ही उनका लक्ष्य है साथ ही स्थानीय विधायक रेणुका सिंह के निर्देशों का पालन करना और और उनके निर्देश पर जनता को योजनाओं से जोड़ कर योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया जा रहा है, मानोज राशनकार्ड पेंशन जैसे मामलों को लेकर जनपद पंचायत में अधिकारियों के बीच अक्सर देखे जा रहे हैं।

# क्या पटना पंचायत में सिर्फ दुकान निर्माण के लिए ही पैसे हैं...

# मूलभूत सुविधाओं के लिए क्षेत्र के विधायक पर ही पंचायत है आज भी आश्रित?

### लाखो के आय वाले पंचायत में स्ट्रीट लाईट के लिए नहीं है राशि,सरपंच ने विधायक से लगायी गुहार

### करोड़ो की पंचायत निधि वाले पंचायत में कहां गयी राशि,किसमें हुआ खर्च मूलभूत सुविधाओं को छोड़ सरपंच का क्या सिर्फ निर्माण कार्य मात्र पर ध्यान?

### सिर्फ निर्माण करो और पैसा कमाओ के तर्ज पर पंचायत के जनप्रतिनिधि क्या कर रहे हैं केवल काम?

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/पटना, 12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले में पटना ही एक ऐसा ग्राम पंचायत है जहां पर सबसे अधिक आय उसे प्राप्त होती है, जो उसे ग्राम से ही विभिन्न स्रोतों से प्राप्त होती है, यही वजह है कि कोरिया जिले का पटना ग्राम पंचायत एक ऐसा ग्राम पंचायत है जो सबसे अधिक आय वाले पंचायत में गिना जाता है, यहां इतना पैसा है पंचायत के पास कि वह उस पैसे को खर्च कर विकास कार्य कर सकती है, किसी पर उसे आश्रित रहने की जरूरत नहीं है, विकास कार्य में सबसे ज्यादा यदि कोई कार्य होता है तो वह है दुकान निर्माण का कार्य, यही वजह है कि नगर पालिका जैसे क्षेत्र में जहां पर इतने दुकान के निर्माण नहीं हुए होंगे उतने दुकान एक निर्माण पटना जैसे ग्राम पंचायत में हुए है, अभी तक पटना ग्राम पंचायत में यदि दुकान निर्माण की गिनती की जाए तो लगभग 100 पहुंच चुकी है और आगे और भी बनाने की तैयारी चल रही है, इसके लिए ग्राम पंचायत के पास पर्याप्त पैसे हैं पर एक स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए ग्राम पंचायत के पास पैसे की कमी पड़ गई और विधायक के सामने उन्हें हाथ फैलाना पड़ा है, यह एक बहुत बड़ा सवाल है। जब पटना ग्राम पंचायत द्वारा लाखों की दुकान बनाई जा सकती है तो स्ट्रीट लाइट भी उसी पैसे से लगाया जा सकता है।

#### लाखों की आय वाले पंचायत में नहीं है पैसा लाईट लगाने के लिये...मांगा पैसा...

हाईवे पर स्ट्रीट लाईट लगाने के लिये सरपंच गायत्री सिंह ने विधायक भईयालाल को कहा तो विधायक ने पूछा की आपके पास पैसा नहीं है क्या? मतलब आपके पंचायत निधि मे पैसा नहीं है क्या, सरपंच गायत्री सिंह द्वारा कहा गया कि नहीं, हमारे पास इतना बजट नहीं है। वहीं खड़े भाजपा नेता रविशंकर शर्मा ने सुझाव देते हुये कहा कि इस काम को क्रेड़ा विभाग को कह दीजिए तो विधायक ने कहा यह काम क्रेड़ा से यदि हो जायेगा तो निष्चित ही मैं अनुषंसा कर दूंगा। सवाल अब यह उठता है कि हाईवे पर स्ट्रीट लाईट लगाने के लिऐ भी क्या पंचायत निधि के पास इतना राषि नहीं है जिसके लिये विधायक निधि की आवष्यकता पड़ रही है। हांलाकि यह सवाल इसलिए भी जरूरी तब हो जाता है जब पटना नगर पंचायत की ओर अग्रसर है और यहां पर बाकी पंचायतों के अपेक्षाकृत आय के साधन मौजुद है।







#### पंचायत एक एजेंसी है पर पटना पंचायत प्रायवेट कम्पनी के तर्ज पर निमार्ण पर ज्यादा ध्यान देती है

पंचायत स्थित भूमि पर भी दुकान निर्माण के लिए पंचायत के सरपंच और कुछ सहयोगी पंच इन दिनों ऐडी चोटी का दम लगा रहे है जबकि यहां पर व्यवसायिक परिसर के निर्माण में ज्यादातर पंच के साथ ग्रामीणजन विरोध में है पर प्रायवेट कम्पनी के तर्ज पर एक पंच पति का कहना है कि निर्माण तो यहीं होगा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यहां पर व्यवसायिक परिसर बनता है तो पंचायत के पास खाली पड़ी भूमि छोटी हो जायेगी जिससे भविष्य में नगर पंचायत के कार्यालयों के लिये भूमि शेष छोड़ना उचित होगा। नगर पंचायत जिसकी घोषणा हो चुकी है और वह बन सकता है और यदि वह बनता है तो उसके कार्यालय के लिए भूमि कहां से आयेगी यह भी कुछ पंच ध्यान नहीं देना चाहते। कुल मिलाकर देखा जाए तो खाली हर जमीन पर अब पंचायत दुकान ही बनाएगी यह तय नज़र आ रहा है वहीं उसे मूलभूत सुविधाओं की याद तब आयेगी जब नगर विकास नाम की कोई समिति ध्यान दिलायेगी। पटना बाजारपारा में बन रही नाली इसकी बानगी है क्योंकि यह तब बन पाई जब नगर विकास समिति ने सरपंच पर दबाव बनाया और सोशल मिडिया पर पंचायत की नाकामी उजागर की,वरना नाली शायद ही बनती।

#### सरपंच के तीन पंच इन दिनों खूब हो रहे चर्चित

पटना पंचायत की स्थिति ऐसी हो गयी है जैसे सरपंच खुद से कोई फैसला नहीं ले पा रहे है। इनके साथ ज्यादातर मामले में केवल तीन पंच मौजूद रहते है जो किसी भी निर्णय में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। और इनके निर्णय के विरूद्ध सरपंच कुछ कह पाने में असमर्थ होती है। सरपंच गायत्री सिंह जिन्हें सरपंच पद का पहले से अनुभव है वहीं इनके पति भी सरपंच रह चुके है इसके बावजुद वर्तमान सरपंच काल में इनके कार्यषैली पर लोगो में संतुष्टि नजर नहीं आ रही है। लोगों में चर्चा है कि यदि वह इन तीन पंचो के चंगुल से बाहर निकल जाये और अपने विवेक से काम करें तो इनके जैसा सरपंच कोई और नहीं होगा। हांलाकि सरपंच महिला है पर चलता सरपंच पति का है वहीं पंचो के साथ भी वही है कुछ पंच महिला है पर पूरा दखलअंदाजी उनके पतियों का रहता है।

## भाजयुमो मंडल कुसमी ने विद्यार्थियों के बीच मनाया युवा उत्सव

-संवाददाता-
कुसमी, 12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रीतम गुप्ता के नेतृत में सामरी पाठ के हाई स्कूल के विद्यार्थियों के बीच युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जहा पर सबसे पहले स्वामी विवेकानन्द जी के छाया चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई, फिर विद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता रखा गया ,आयोजित प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी , नौ मतदाता, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकास कार्य के बारे में भाषण दी गई, भाषण प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर भाजयुमो मंडल कुसमी के अध्यक्ष प्रीतम गुप्ता के द्वारा प्रयोत्साहित किया गया और वही कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के द्वारा दिखाएं गए राह में चलकर अच्छे से शिक्षा ग्रहण कर देश राज्य एवं अपने गांव के प्रगति पर अपना योगदान देने की बात युवा वर्ग ने कहा, इस युवा महोत्सव कार्यकम में विद्यालय के प्राचार्य महानन्द पैकरा, शिक्षक रूपेश ,भाजपा युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री विवेक कश्यप, सतेन्द्र एक्का , अभय गुप्ता,नारायण यादव,प्रवेज खान, जितेंद्र कश्यप सहित काफी संख्या विद्यालय के विद्यार्थी शामिल रहे।

## स्कूल का संचालन समय पर होने के साथ-साथ अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्यवाही करने कलेक्टर ने दिए निर्देश



-संवाददाता-
कोरबा, 12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर अजीत वसंत ने शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सहित परियोजना अधिकारी, साक्षर भारत और समग्र शिक्षा तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी की बैठक ली। उन्होंने शिक्षा अधिकारी जी.पी.भारद्वाज को निर्देशित किया कि जिले में सभी स्कूलों का संचालन समय-सारिणी के अनुरूप हो। बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए उन्होंने जिले में शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्ता मूलक बनाने के दिए निर्देश। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने शैक्षणिक संस्थान अन्तर्गत निर्माणाधीन कार्यो की गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में जहां भी अतिशेष शिक्षक हैं उनका समायोजन अन्य विद्यालयों में किया जाये। कलेक्टर ने विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के अन्तर्गत 12 वीं उत्तीर्ण बेरोजगारों को स्कूलों में अध्यापन के लिए अतिथि शिक्षक के रूप में रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का वितरण नियमित तथा गुणवत्तायुक्त हो। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिले में शिक्षा के स्तर और बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास करने तथा नवाचार को अपनाने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी, डीएमसी मनोज पाण्डेय, खेल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

#### छात्रावास अधीक्षक भी लेंगे क्लास

कलेक्टर ने जिले के सभी आश्रम तथा छात्रावासों का संचालन व्यवस्था तथा शासन के निर्धारित मानकों के आधार पर संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि आश्रम तथा छात्रावासों में नियमित साफ-सफाई, मेनू अनुसार भोजन तथा समय पर खेल, अध्यापन एवं अन्य गतिविधियां संचालित हो। उन्होंने अधीक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए कम से कम दो पीरिएड पढ़ाने के निर्देश भी दिए।



## युवा दिवस के अवसर पर सूरजपुर युवा कांग्रेस ने प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

-संवाददाता-
सूरजपुर, 12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

स्वामी विवेकानंद जी के जन्म जयंती युवा दिवश के अवसर पर सूरजपुर युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कर ने सूरजपुर कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर युवाओ के हित्त में नशे के विरोध में स्कूली पाठ्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों विषयो को महत्वपूर्ण रूप से जोड़ने सहित उचित पहल करने की मांग की है ।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि जिस तरह से पूरे देश व प्रदेश मे नशे ने युवाओ को अपनी जकड़ में ले रखा है ,हमारे देश का भविष्य युवाओ पर निर्भर है ऐसे में युवाओ का इस कदर नशे की चपेट में आना काफी चिंता का विषय है । हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश भी इससे अछूता नही है , युवा नशे की लत में आकर तरह तरह के अपराधो को अंजाम दे रहे है और दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे है । इसमें युवा सहित स्कूली बच्चे भी शामिल है ,स्कूलों में पढ़ने वाले छोटे छोटे बच्चे भी नशे की चपेट में आ रहे है यह निश्चित रूप से काफी चिंता का विषय है । युवा नशे की चपेट में आकर अपनी युवावस्था को खो रहे है । स्कूली बच्चे भी तेजी से इस नशे की ओर आगे बढ़ रहे है । जिस तरह बच्चो को छोटी उम्र से ही परिवार से अच्छे संस्कार मिलने पर बच्चे अच्छे राह पर चलते है ठीक उसी तरह अगर विद्यालय पाठ्यक्रमों में सुरुवात कक्षाओं से ही बच्चो को नशे के दुष्प्रभावों जैसे महत्वपूर्ण विषयों को अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाए तो निश्चित रूप से बच्चे नशे से काफी हद तक अपने आपको दूर रख सकेंगे और अपने भविष्य को संवार सकेंगे ।

देश व प्रदेश के भविष्य को देखते हुए इस सम्बंध में विचार करते हुए उचित कदम उठाने की मांग की है !

## वन विभाग ने लाखों के चिरान और लकड़ी किए जब्त

-संवाददाता-
कोरबा, 12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



जिले में वन विभाग ने सुदूर वनांचल ग्राम में रहने वाले एक बढ़ई के घर पर रेड कार्यवाही की गई। छापेमार कार्यवाही के दौरान विभाग को बड़े पैमाने पर लकड़ियां बरामद हुई हैं। वन विभाग ने उस बढ़ई के पास से करीब सवा लाख रुपए कीमती इमारती लकड़ी के अलावा फर्नीचर बनाने में उपयोग किए जाने वाले औजार जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। जानकारी के मुताबिक रेंजर दिनेश रात्रे ने अपने टीम के साथ ईरफ बीट के ग्राम घाटपारा में रहने वाले बढ़ई के घर दबिश दी। जहां टीम को मकान के भीतर बड़े पैमाने पर बीजा की लकड़ी के सिलपट और दरवाजे खिड़की रखे मिले। जिसे किसी दूसरी जगह खपाने के लिए रखा गया था।

पूछताछ करने पर व्यक्ति ने बढ़ई का काम करने की जानकारी दी। उसने बीजा लकड़ी से सिलपट व दरवाजे खिड़की सहित अन्य सामान बनाने की बात कही। पूछताछ के दौरान वह न तो लकड़ी से संबंधित और न ही बढ़ई का काम करने के वैध दस्तावेज पेश कर सका। लिहाजा वन विभाग की टीम ने बढ़ई के खिलाफ कार्यवाही की। कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत ने बताया कि बीते कुछ दिनों से चैतमा वन परिक्षेत्र में बड़े पैमाने पर लकड़ी तस्करी की सूचना मिल रही थी। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही के निर्देश जारी किए थे। वन अफसरों को जांच के दौरान जानकारी मिली कि एक ग्रामीण द्वारा अवैध रूप से लाए गए लकड़ी से फर्नीचर तैयार करने और बेचने का काम करते हैं।




## जिले के स्काउट्स एवं गाइड्स राज्यपाल पुरस्कार से हुए सम्मानित

-संवाददाता-
कोरबा, 12 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय राज्यपाल पुरस्कार एवं अलंकरण समारोह का आयोजन दिनांक 11 जनवरी को राजभवन में किया गया। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के कर कमलों से 2022- 23 शैक्षिक सत्र के राज्यपाल पुरस्कार के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्काउट लोकेश कुमार यादव (निर्मला स्कूल, कोसाबाड़ी), गाइड पूनम (शासकीय हाई स्कूल, बुंदेली),रोवर करन कोसले (राजीव गांधी ओपन रोवर क्रू, दीपका),रेंजर रीना साहू (रानी लक्ष्मीबाई ओपन रेंजर टीम, कोरबा) ने सयुंक्त रूप से कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्यपाल के हाथों राज्यपाल पुरस्कार का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। शैक्षणिक सत्र 2022- 23 ने जिले से कुल 56 स्काउट्स,गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने राज्यपाल पुरस्कार की पात्रता प्राप्त की है। गाइड कैप्टिन ममता टोप्पो के नेतृत्व में जिले के स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर ने राजभवन, रायपुर में भागीदारी की। प्रत्येक वर्ष जिले से स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 76 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने राज्यपाल पुरस्कार की पात्रता हासिल की है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा0प्र0क्र0/../अ-20(3)/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि आवेदक रतन सिंह पिता स्वरूप सिंह उर्फ रूढ़ सिंह जाति सिक्ख निवासी शांतिनगर शिवनंदनपुर विश्रामपुर तहसील व जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला केदारपुर नगर अम्बिकापुर शीट नंबर-03 स्थित नजूल प्लाट नंबर 1111 रकबा 0.13 एकड़ मे से रकबा 995.8 वर्गफीट भूमि को अनावेदक जसवीर सिंह पिता रंजीत सिंह जाति सिक्ख निवासी महादेव पारा बंधिमा तहसील राजपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज छ0ग0 के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-31/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 11/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा0प्र0क्र0/../अ-20(3)/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि आवेदक रंजीत सिंह पिता स्वरूप सिंह उर्फ रूढ़ सिंह जाति सिक्ख निवासी केदारपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला केदारपुर नगर अम्बिकापुर शीट नंबर-03 स्थित नजूल प्लाट नंबर 1111 रकबा 0.13 एकड़ मे से रकबा 995.8 वर्गफीट भूमि को अनावेदक 1. मोनू सिंह पिता रंजीत सिंह निवासी महादेव पारा बधिमा तहसील राजपुर 2. जसपाल कौर पति अमरीक सिंह निवासी वार्ड नंबर-7 ड्राईवर कालोनी सोनवानी कालरी कोरिया छ0ग0 के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-31/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 11/01/2024 के मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2022-23
ग्राम-प्रेमनगर,तहसील-प्रेमनगर

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामिण जन नगर पंचायत प्रेमनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवधन राम श्याम आ0 स्व0 गहबर जाति गोड़ निवासी नगर पंचायत प्रेमनगर, तहसील-प्रेमनगर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा मुख्तियारनामा-खास श्री धर्मेन्द्र कुमार साहू पिता तेजीलाल साहू के माध्यम से ग्राम-प्रेमनगर प.ह.नं.18,रा.नि.मं.व तहसील प्रेमनगर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्र0-3120 रकबा 0.33 हे0 मे से 0.11 हे0 भूमि को कृषि भिन्न प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन-पत्र के साथ बी-1, खसरा, नक्शा, शपथ-पत्र, सहखातेदार का सहमति पत्र एवं नगर पंचायत प्रेमनगर का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 16/01/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/01/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रामानुजनगर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-/ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधीर सिंह आ0 मदन सिंह निवासी रिंग रोड नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2230/1 में से रकबा 106.75 वर्गमीटर भूमि को अनावेदक अंकिता सोनी पत्नी राजेन्द्र कुमार सोनी निवासी वार्ड नंबर 16, नावापारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राषि रूपये 25,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 21/02/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 24/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा0प्र0क्र0/../अ-20(3)/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि आवेदक मंगत राय उर्फ मंगत राम अग्रवाल आ0 स्व0 मूलचंद अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी शारदा सारी भिवानी हरियाणा वर्तमान पता मनेन्द्रगढ़ रोड रवि मार्बल के पीछे सज्जन कालोनी अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 मुख्तारआम शेखर अग्रवाल पिता मंगत राय जाति अग्रवाल निवासी मनेन्द्रगढ़ रोड रवि मार्बल के पीछे सज्जन कालोनी अम्बिकापुर के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला रामानुजगंज रोड नगर अम्बिकापुर शीट नंबर-13 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 233/2 रकबा 0.92 एकड़ मे से रकबा 0.30 1/2 एकड़ (13298) वर्गफीट भूमि को अनावेदिका श्रीमती रेनू अग्रवाल पत्नी श्री शेखर अग्रवाल निवासी रवि मार्बल के पीछे एम.जी.रोड सज्जन कालोनी अम्बिकापुर के पक्ष में दान किये जाने की अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र पेश की गई है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-31/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 08/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

# पेरिस ओलंपिक पर भारतीय महिला हॉकी टीम की नजरें

### अमेरिका के खिलाफ अभियान का आगाज

**नई दिल्ली,12 जनवरी 2024।** एशियाई खेलों में तीसरे स्थान पर रहने की निराशा से उबरते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो उसकी नजरें अपने मैदान पर खेलने का फायदा उठाते हुए पेरिस का टिकट कटाने पर लगी होंगी।

मेजबान भारत, जर्मनी, चेक गणराज्य, इटली, जापान, अमेरिका, चिली और न्यूजीलैंड यहां पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में खेलेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जायेंगे। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को सर्वोच्च रैंकिंग मिली है जबकि भारत छठे स्थान पर है। न्यूजीलैंड रैंकिंग में नौवे स्थान पर है जबकि जापान 11वें, चिली 14वें, अमेरिका 15वें, इटली 19वें और चेक गणराज्य 25वें स्थान पर है।

भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली, अमेरिका के साथ रखा गया है। वहीं जर्मनी, पूर्व एशियाई चैम्पियन जापान, चिली और चेक गणराज्य पूल ए में हैं। अमेरिका के बाद भारत को 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और 16 जनवरी को इटली से खेलना है। सेमीफाइनल 18 जनवरी को और फाइनल 19 जनवरी को होगा।

भारत और अमेरिका ने 1983 के बाद से एक दूसरे के खिलाफ 15 बार खेला है जिसमें से नौ बार अमेरिका ने जीत दर्ज की जबकि भारत चार ही बार जीत सका और दो मैच ड्रॉ रहे।

रैंकिंग में नीचे होने के बावजूद अमेरिकी टीम खतरनाक साबित हो सकती है। भारत की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' हम एशियाई खेलों के जरिये ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने से चूक गए लेकिन अब वह बीती बात है।'' उन्होंने कहा ,'' हमें इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। हमें पहले से बेहतर प्रदर्शन करना होगा और अगर ऐसा कर सके तो हम ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर पायेंगे।''



टूर्नामेंट से नौ दिन पहले भारत की अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया अभ्यास के दौरान चेहरे की हड्डी में फ्रेक्चर के कारण बाहर हो गई। हाल ही में भारत के लिये 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने वाली वंदना फॉरवर्ड पंक्ति की धुरी थी। उनकी जगह बलजीत कौर ने ली। टीम को वंदना की कमी खलेगी जो एक दशक से भारतीय टीम का अभिन्न अंग रही है और रियो ओलंपिक से तोक्यो ओलंपिक तक सारे बड़े टूर्नामेंट खेले हैं। वह ओलंपिक में हैट्रिक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। भारत को पेनल्टी कॉर्नर में भी सुधार करना होगा जो लंबे समय से समस्या रही है।

टूर्नामेंट से ठीक पहले भारत के पूर्व ड्रैग फिलकर रूपिंदर पाल सिंह ने खिलाड़ियों को अभ्यास कराया है। शॉपमैन ने कहा ,'' रूपिंदर काफी अनुभवी खिलाड़ी है और उसे पता है कि डी के भीतर दबाव का सामना कैसे करना है। उसके सत्र से गुरजीत कौर और दीपिका को काफी मदद मिली।''

वंदना की गैर मौजूदगी में लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका और बलजीत पर दबाव होगा जबकि डिफेंस में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और मोनिका होंगे। मिडफील्ड का जिम्मा निशा, नेहा, सलीमा टेटे, नवनीत कौर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर होगा। गोलकीपिंग में कप्तान सविता का अनुभव काम आयेगा। पहले दिन जर्मनी का सामना चिली से, जापान का चेक गणराज्य से और न्यूजीलैंड का इटली से होगा।

## दिनेश कार्तिक भारत-ए दौरे के लिए इंग्लैंड लायंस के बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त

**नई दिल्ली,12 जनवरी 2024।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को इंग्लैंड लायंस का बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त किया गया है, जो यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 12 जनवरी से भारत-ए के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच के बाद तीन चार दिवसीय मैच खेले। 2024 की शुरुआत में भारत के खिलाफ इंग्लैंड की पुरुषों की पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के समानांतर चलने के लिए इंग्लैंड लायंस भारत के एक महीने के दौरे पर जाने के लिए तैयार है।



अहमदाबाद में आयोजित लायंस भारत ए के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगा, उसके बाद उन्हीं के खिलाफ चार दिवसीय तीन मैच खेलेगा। समूह 12 जनवरी से 4 फरवरी तक यथास्थान रहेगा, जो हैदराबाद में पहला टेस्ट (25 जनवरी से शुरू) और विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट का पहला भाग (2 फरवरी) के साथ मेल खाएगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चोटिल होने के बाद भी नेट्स में शुरू की प्रैक्टिस

**नई दिल्ली,12 जनवरी 2024।** भारतीय टीम के मिस्टर 360 यानी सूर्युकमार यादव मौजूदा समय में चोट से उबर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने आईपीएल 2024 से पहले नेट्स में अभ्यास करना शुरू कर दिया है। सूर्य ने शुक्रवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें वह नेट्स में जमकर बल्लेबाजी करते हुए नजर आए। वीडियो देखने के बाद ऐसा लग रहा है सूर्यकुमार यादव अपनी चोट से उबर गए हैं और आगामी आईपीएल 2024 में वापसी के लिए तैयार हैं।



पिछले दिनों साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 मुकाबले में सूर्यकुमार यादव चोट का शिकार हो गए थे। लिहाजा, सूर्यकुमार यादव भारत-अफगानिस्तान सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। बता देंकि, आईसीसी टी20 रैंकिंग में सूर्या टॉप पर काबिज हैं। इसके अलावा टी20 फॉर्मेट में उनका प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा है।

मिस्टर 360 डिग्री बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से मात दी थी।

### पाकिस्तान के खिलाफ पहले टी 20 मैच से हुए बाहर सैंटनर

**नई दिल्ली,12 जनवरी 2024।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर पाकिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मैच से बाहर हो गए हैं। बताया जा रहा है कि सैंटनर कोरोना की चपेट में हैं और इसी वजह उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मैच से बाहर कर दिया गया है।

कोविड टेस्ट का रिजल्ट आने के बाद इस कीवी ऑलराउंडर को ऑकलैंड में टीम होटल में आइसोलेशन में रखा गया है। यहां से वो अपने घर हैमिल्टन जाएंगे, जहां रविवार को दूसरा टी20 मैच होने वाला है।



न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में बताया, मिचेल सैंटनर कोविड पॉजिटिव पाए जाने के बाद आज शाम को पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज का पहला मैच नहीं खेलेंगे। आने वाले दिनों में उनकी निगरानी जारी रहेगी। इसके अलावा दूसरे टी20 मैच के लिए भी वो टीम से अलग ट्रैवल करेंगे। अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन से सैंटनर कीवी टीम के लिए अहम खिलाड़ी हैं। इसलिए, मेजबान टीम को उनकी कमी खलेगी।

## एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर कुमार जेना पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण लेंगे,मीराबाई अमेरिका जाएंगी

**नई दिल्ली,12 जनवरी 2024।** एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर कुमार जेना आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, क्योंकि युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने अपनी नवीनतम बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता जेना 78 दिनों तक ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में ट्रेनिंग करेंगे।



खेल मंत्रालय, अपने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स ) के तहत, जेना, उनके कोच और फिजियोथेरेपिस्ट के हवाई किराए, बोर्डिंग और आवास व्यय के साथ-साथ प्रशिक्षण और मालिश सुविधाओं का लाभ उठाने की लागत, चिकित्सा और स्थानीय यात्रा व्यय और अन्य व्ययों के बीच चिकित्सा बीमा लागत का वित्तपोषण करेगा। इस बीच टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू सेंट लुइस में एक महीने के पुनर्वास प्रशिक्षण के लिए अमेरिका जाएंगी। वह एरोन होर्शिग के साथ नियमित सत्र करेंगी और इस दौरान उनके साथ मुख्य कोच विजय शर्मा भी होंगे। टॉप्स फंडिंग के तहत मंत्रालय, उनके और उनके कोच के हवाई किराए, बोर्डिंग और लॉजिंग लागत, जिम खर्च, चिकित्सा बीमा लागत सहित अन्य खर्चों को कवर करेगा।

एमओसी ने पहलवान दीपक पुनिया (फीस्टाइल), आशु (ग्रीको-रोमन) और रोनित शर्मा (ग्रीको-रोमन) के विदेश में प्रशिक्षण के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी है। टॉप्स ओलंपियन दीपक पुनिया को मिशिगन, अमेरिका में प्रशिक्षण के लिए आर्थिक सहायता करेगा।

किशोर अपने फिजियोथेरेपिस्ट शुभम गुप्ता के साथ वहां 31 दिनों तक प्रशिक्षण लेंगे, जबकि भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवान अल्माटी, कजाकिस्तान जाएंगे और कजाकिस्तान की कुश्ती टीम के साथ 14 दिनों तक प्रशिक्षण लेंगे। इस दौरान दोनों के साथ उनके कोच, मसाजर और स्पारिंग पार्टनर भी मौजूद रहेंगे।

## एसए 20 में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं पोलार्ड और पूरन

**नई दिल्ली,12 जनवरी 2024।** वेस्टइंडीज के स्टार निकोलस पूरन और कीरोन पोलार्ड एसए20 सीजन 2 में डरबन सुपर जाइंट्स और एमआई केपटाउन के साथ डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। निकोलस पूरन डीएसजी टीम में होंगे और अपने दिग्गज त्रिनिदाद और टोबैगो के हमवतन कीरोन पोलार्ड के खिलाफ आमने-सामने होंगे, जो एमआई केप टाउन की कप्तानी करेंगे। पूरन पिछले 12 महीनों में दुनिया भर के टी20 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। पूरन ने इस मौके पर कहा, सबसे पहली बात तो यह कि मैं कोई सुपरस्टार नहीं हूं। मैं बस वही जारी रखना चाहता हूं जो मैं पिछले कुछ वर्षों से कर रहा हूं, जो निरंतर बना रहना और अपने साथियों को प्रदर्शन करने में मदद करना है। मैं एक टी20 विशेषज्ञ हूं... प्रशंसक बाहर आते हैं और टी20 क्रिकेट देखते हैं। मैं उस रास्ते पर चला गया हूं। मुझे लगता है कि टी20 अद्भुत है।




## जोकोविच,सबालेंका चैरिटी मैच के लिए टीम में हुए शामिल

**मेलबर्न,12 जनवरी 2024।** मौजूदा चैंपियन नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका रॉड लेवर एरेना में खचाखच भरे दर्शकों के सामने ग्रीक सितारों स्टेफानोस सितसिपास और मारिया सकारी के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन चैरिटी मैच के लिए टीम में शामिल हुए।

यह मुकाबला एक चैरिटी मैच है। इसके टिकट से होने वाली कमाई ऑस्ट्रेलियाई टेनिस फाउंडेशन के माध्यम से बच्चों के लिए कई प्रकार की चैरिटी का समर्थन करेगी।

ए नाइट विद नोवाक एंड फ्रेंड्स इस सप्ताह विस्तारित ऑस्ट्रेलियन ओपन ओपनिंग के हिस्से के रूप में आयोजित होने वाले शाम के चार चैरिटी मैच कार्यक्रमों में से एक है।



टूर्नामेंट की वेबसाइट के हवाले से सबालेंका ने कोर्ट पर जाने के बाद कहा, मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह मेरी पसंदीदा जगह है। मुझे आज रात इन महान खिलाड़ियों के साथ जुड़कर खुशी हो रही है और उम्मीद है कि आप हमारे मैचों का आनंद लेंगे। जोकोविच के साथ टीम बनाने से पहले उन्होंने हंसते हुए कहा, मैं उस पर थोड़ा दबाव डालूंगी।

जोकोविच और सबालेंका ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में विस्तारित 15-दिवसीय मुख्य ड्रॉ में खेल के पहले दिन रविवार को अपने खिताब की रक्षा शुरू करेंगे।

## अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी 20 से बाहर होंगे तिलक वर्मा



### आकाश चोपड़ा ने दिया जवाब

**नई दिल्ली,12 जनवरी 2024।** भारतीय क्रिकेट टीम ने भारत बनाम अफगानिस्तान पहले टी20 में शानदार 6 से जीत दर्ज की। केवल 17.3 ओवर में लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित शर्मा और तिलक वर्मा को छोड़कर सभी भारतीय बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की। इसी बीच भारतीय पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने तिलक वर्मा के दूसरे टी20 में खेलने और न खेलने को लेकर बड़ा बयान दिया है। चलिए जानते हैं क्या बोले चोपड़ा? तिलक वर्मा की जगह के बारे में बात करते हुए चोपड़ा ने अपने शो क्रिकेट चौपाल में कहा, क्या तिलक वर्मा अगला मैच खेलेंगे या नहीं? मुझे नहीं लगता कि वह ऐसा करेगा। मुझे लगता है कि उसे हटा दिया जाएगा। क्योंकि अगर विराट कोहली और यशस्वी जयसवाल उपलब्ध होंगे तो टीम से बाहर कौन जाएगा? शिवम दुबे और रिंकू सिंह बाहर नहीं जा रहे हैं, मैं शुबमन गिल के बारे में अनिश्चित हूं, लेकिन मुझे लगता है कि तिलक वर्मा को हटाया जा सकता है।

रोहित पहले ही ओवर में रन आउट हो गए। दूसरी ओर वर्मा ने 22 गेंदों में सिर्फ 26 रन बनाए और एक समय उनका स्कोर 10 (15) था। उनकी धीमी शुरुआत से फैंस नाराज नजर आए, जबकि दूसरे छोर पर शुबमन गिल पूरे जोश के साथ खेलते हुए नजर आए।

## प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898एडी को मिली नई रिलीज डेट

प्रभास और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म निर्माता नाग अश्विन की साइंस-फिक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी को नई रिलीज डेट मिल गई है। यह महान कृति अब 9 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी,निर्माताओं ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। प्रोडक्शन बैनर वैजयंती मूवीज ने अपने सोशल मीडिया पेज पर प्रभास की विशेषता वाले एक नए पोस्टर के साथ बहुभाषी बड़े बजट की फिल्म की नई रिलीज की तारीख की खबर साझा की। स्टूडियो ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, वह कहानी जो 6000 साल पहले खत्म हुई। 9 मई, 2024 को शुरू हुई। भविष्य खुलता है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पटानी अभिनीत यह फिल्म पहले 12 जनवरी को रिलीज होने वाली थी।



प्रभास ने पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा, भविष्य की उल्टी गिनती शुरू हो गई है! कल्कि 2898एडी 9 मई 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में। अमिताभ बच्चन ने अपने इंस्टाग्राम पर नई रिलीज डेट के साथ फिल्म का पोस्टर भी शेयर किया. निर्माताओं के अनुसार, मैग्नम ओपस, जिसे 2020 में प्रोजेक्ट के के रूप में हरी झंडी दी गई थी, दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाने का वादा करती है जो भारतीय सिनेमा में पहले कभी नहीं देखी गई।फिल्म का आधिकारिक शीर्षक, कल्कि 2898 एडी, जुलाई 2023 में सैन डिएगो कॉमिक-कॉन (एसडीसीसी) में निर्माताओं द्वारा घोषित किया गया था। फिल्म की पहली झलक में अमिताभ बच्चन,दीपिका पादुकोण और प्रभास को भविष्य की दुनिया में दिखाया गया था। इसमें दीपिका,अमिताभ और प्रभास को युद्ध जैसी स्थिति में योद्धा के रूप में दिखाया गया है। उन्होंने पहले इस आयोजन के बारे में एक बयान में कहा था, भारत अब तक लिखी गई कुछ महानतम कहानियों और सुपरहीरो का घर है। हमें लगता है कि हमारी फिल्म इसे सामने लाने और दुनिया के साथ साझा करने का एक प्रयास है। और कॉमिक-कॉन देता है वैश्विक दर्शकों के सामने अपनी कहानी पेश करने के लिए यह हमारे लिए बिल्कुल उपयुक्त मंच है। इसका निर्माण वैजयंती मूवीज के संस्थापक अश्विनी दत्त ने किया है।

## कृति ने महेश बाबू के साथ तस्वीर साझा की, तेलुगु डेब्यू 1 : नेनो डीने के 10 साल पूरे होने का मनाया जश्न

एक्ट्रेस कृति सेनन, जिन्हें अब से पहले गणपत ए हीरो इज बॉर्न में देखा गया था ने साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में एक दशक पूरा कर लिया है। उनकी फिल्म 1 नेनो डीने ने अपनी रिलीज के 10 साल पूरे कर लिए।नेनो डीने में कृति ने तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू के साथ एक्टिंग की थी।

एक्ट्रेस हाल ही में महेश बाबू से मिलीं, जिससे उनके पिछली पुरानी यादें ताजा हो गई। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने फैंस पर अमिट छाप छोड़ी, और रियूनियन ने दोनों अभिनेताओं और उनके फैंस के बीच इमोशन्स को जगाया है। मिटिंग में कृति के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया गया।एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर अपनी मुलाकात की तस्वीर साझा की।



उन्होंने तस्वीर पर लिखा, मेरी पहली फिल्म को 10 साल हो गए हैं। मेरे पहले को-स्टार महेश बाबू के साथ मेरी पहली तेलुगु फिल्म!! मेरे दिल में इतनी सारी यादें और इतना आभार! कई सालों के बाद आपसे दोबारा मिलना कितना प्यारा और शानदार अनुभव है! बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन, यह अभी भी वैसा ही है। उन्होंने महेश और उनकी पत्नी के साथ एक और तस्वीर अपलोड की और लिखा- 1 -नेनोक्कडीने के 10 साल पूरे होने पर मुबारक! विश्वास नहीं हो रहा कि एक दशक हो गया! !वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति के पास शाहिद कपूर के साथ एक अनटाइटल फिल्म है, जिसकी घोषणा वह बुधवार को करेंगी। उनके पास पाइपलाइन में द क्रू भी है, जिसमें वह करीना कपूर और तब्बू के साथ नजर आएंगी और उनके प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म दो पत्ती भी है।

## अंकिता लोखंडे के सपोर्ट में बोलीं कंगना रनौत,उम्मीद है कि मेरी दोस्त जीतेगी

कंगना रनौत अपनी मणिकर्णिका,द क्वीन ऑफ झांसी की को-स्टार अंकिता लोखंडे, जो बिग बॉस 17 की कंटेस्टेंट हैं, के सपोर्ट में सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया झूठी कहानी बनाकर उनके परिवार को तोड़ने की पूरी कोशिश कर रहा है।कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अंकिता की सास के इंटरव्यू का एक वीडियो शेयर किया, जहां वह इस बारे में बात करती नजर आ रही हैं कि उन्हें ट्रॉफी क्यों जीतनी चाहिए।एक्ट्रेस ने लिखा, मीडिया उनके परिवार को तोड़ने की पूरी कोशिश कर रहा है। वो आपको यह नहीं दिखाएंगे कि कैसे अंकिता लोखंडे की सासू मां उन्हें सपोर्ट कर रही हैं। आखिर में वह जिस तरह हंसती हैं, हा हा हा... वो मुझे पसंद आया। कितनी क्यूट हैं आंटी।



रियलिटी शोज आते और जाते हैं, लेकिन परिवार तो हमेशा के लिए होता है। मुझे उम्मीद है कि मेरी दोस्त अंकिता लोखंडे जीतेंगी, लेकिन अपनी शादी की कीमत पर नहीं। बिग बॉस 17 के घर में अंकिता और उनके पति को अक्सर झगड़ते और लड़ते देखा गया है। ये जोड़ी तलाक के बारे में भी बात करती नजर आई।

## अजय देवगन स्टारर फिल्म 'रेड 2' में खलनायक की भूमिका निभाएंगे रितेश देशमुख

अजय देवगन स्टारर फिल्म 'रेड 2' में एक्टर रितेश देशमुख खलनायक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। राजकुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित, 'रेड 2' में रितेश देशमुख नेगेटिव किरदार में होंगे। रितेश देशमुख पहली बार सिल्वर स्क्रीन पर अजय देवगन के खिलाफ होंगे।फिल्म की शूटिंग पिछले हफ्ते मुंबई में शुरू हुई और इसे मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बड़े पैमाने पर फिल्माया जाएगा। 'रेड 2' का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है। यह फिल्म गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत की गई है और पैनोरमा स्टूडियो प्रोडक्शन है। यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



CMYK

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर किया नमन



**रायपुर,12 जनवरी 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज यहा राज्य अतिथि गृह पहुना में विख्यात दार्शनिक और आध्यात्मिक गुरू स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े भी उपस्थित थीं ।

### तीन आईएएस को मिला अतिरिक्त प्रभार



**रायपुर,12 जनवरी 2024(ए)।** राज्य सरकार ने प्रदेश में तैनात भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अफ़सरों को अतिरिक्त प्रभाव सौंपा है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया हैं। नए आदेश के मुताबिक़ रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा को रायपुर स्मार्ट सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर का प्रभार भी दे दिया गया हैं। इसी तरह पीडब्लूडी और जीएडी के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह (2012) को सीजीआरआईडीसी के एमडी और 2007 बैच के आईएएस अफ़सर यशवंत कुमार को ग्रामोद्योग विभाग के सचिव का प्रभार भी सौंपा गया हैं।

### कांग्रेस नेता और बीजेपी पार्षद ने दी थी असीम राय की हत्या की सुपारी



**कांकेर,12 जनवरी 2024(ए)।** पखांजूर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और भाजपा जिला उपाध्यक्ष असीम राय की हत्या के पीछे राजनीतिक षड़यंत्र की बात सामने आ रही है। हत्या की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष बप्पा गांगुली और पार्षद विकास पाल शामिल है। वहीं मुख्य शूटर विकास तालुकदार फरार है। बता दें कि कांकेर जिले के पखांजूर में बीते सात जनवरी को भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पखांजूर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष असीम राय की गोलीमार हत्या कर दी गई थी। पुराना बाजार इलाके में घटित घटना के विरोध में असीम राय के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया था, जिसके बाद हत्याकांड की जांच के लिए राज्य सरकार ने एसआइटी गठित की थी। एसआईटी ने जांच के बाद 12 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष बप्पा गांगुली और पार्षद विकास पाल भी शामिल है।

# भक्तों की सेवा करेंगे छत्तीसगढ़ के डॉक्टर्स

## मंत्री बृजमोहन और श्यामबिहारी ने मेडिकल टीम को किया रवाना

### 45 दिन बाद फिर जाएगी दूसरी टीम

**रायपुर, 12 जनवरी 2024 (ए)।** रामकाज कीन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम, सुंदर कांड की यह पंक्तियां इन दिनों पूरे देश में गूंज रही है। अयोध्या धाम में श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा होना है. इस पुनीत कार्य में हर कोई अपनी भागीदारी करना चाहता है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ से सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल के डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफ सहित 50 लोगों की मेडिकल टीम अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस टीम को अयोध्या के लिए विदा किया. इस मेडिकल टीम में 20 डॉक्टर और 30 नर्सिंग स्टाफ हैं। यह टीम राम लला के भक्तों के स्वास्थ्य का ध्यान रखेगी. यह मेडिकल टीम 45 दिनों तक अयोध्या धाम में रहेगी और रामभक्तों के स्वास्थ्य का ध्यान रखेगी। इसके बाद इतने ही दिनों के लिए दूसरी टीम भी भेजी जाएगी।



मेडिकल टीम को विदा करने के अवसर पर धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि 500 वर्ष बाद भगवान श्रीराम घर आ रहे हैं. यह इतनी शुभ घड़ी है कि हर कोई रामलला को देखने लालायित होगा. लाखों की संख्या में लोग रोज अयोध्या पहुँचेंगे. यह बहुत अच्छी बात है कि सत्य साई अस्पताल की टीम वहां पहुंच रही है. टीम में जो चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ जा रहा है वो न केवल सेवा कार्य करेगा अपितु छत्तीसगढ़ के लिए रामलला का आशीर्वाद भी लेकर लौटेगा। अग्रवाल ने कहा कि सत्य साई हास्पिटल छोटे बच्चों की मुस्कान वापस लाने का कार्य करता है. छोटी बच्चों की सेवा मानवता की सबसे बड़ी सेवा है. उनकी टीम रामलला के भक्तों का भी ध्यान रखेगी, यह बहुत सुंदर पहल है।

इस मौके पर अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि श्रीराम हमारे भांजे हैं। 500 वर्ष बाद वो अपने घर अयोध्या धाम में विराजमान हो रहे हैं. भांजे के अपने घर में विराजमान होने की ननिहाल में जिस तरह की खुशी है उसके शब्दों से बयां नहीं किया जा सकता है। सत्य साई हास्पिटल ने अयोध्या धाम में भक्तों की सेवा के लिए जो पहल की है वो अनुकरणीय है। सेवा का कार्य कर रहे लोगों की सेवा करने से अच्छा कुछ नहीं है. लाखों छत्तीसगढ़ वासी आपको इस पुनीत कार्य के लिए आशीष दे रहे हैं। रामलला की सेवा में उठाया गया आपका यह कदम स्तुत्य है. स्वास्थ्य मंत्री ने अयोध्या धाम के लिए 300 टन सुगंधित चावल भेजने के लिए राइस मिलर्स एसोसिएशन की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि श्रीराम की सेवा में लाखों हाथ उठ रहे हैं और इस सुंदर वातावरण से जो आनंद मिल रहा है उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है।

## महादेव ऐप:अनिल,नवीन को विशेष न्यायधीश ने 17 तक ईडी की रिमांड पर दिया

**रायपुर, 12 जनवरी 2024 (ए)।**छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप्प मामले में ईडी की टीम बड़ी तेजी के साथ कार्रवाई कर रही है। इसी मामले में आज प्रवर्तन निदेशालय ने फिर एक बड़ी कार्रवाई की है। मिल रही जानकारी के अनुसार आज ईडी के अधिकारियों ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



जानकारी मिल रही है कि इन आरोपियों के तार महादेव ऐप से जुड़े हैं। जानकारी है कि जिन दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनके नाम अमित अग्रवाल और नितिन टिबरीवाल है।महादेव सट्टा एप मामले में ईडी ने शुक्रवार को 2 आरोपी कारोबारियों को विशेष कोर्ट में पेश किया। इनके नाम अनिल अग्रवाल और नवीन टीबरवाल बताए गए है। विशेष न्यायधीश अजय सिंह राजपूत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अनिल, नवीन को 17 जनवरी तक के लिए ईडी की रिमांड पर दिया है। इनमें अनिल रायपुर निवासी है।

महादेव सट्टा ऐप को लेकर छत्तीसगढ़ में ईडी ने आज रायपुर से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर विशेष अदालत में पेश किया है। रायपुर महादेव सट्टा के मामले में दोनों ही आरोपियों को लगातार पूछताछ के बुलाया जा रहा था। जिसके बाद ईडी ने दोनों को गिरफ्तारी की है। महादेव सट्टा मामले को लेकर छत्तीसगढ़ के रायपुर कोर्ट में ईडी ने परिवाद पेश कर दिया है।

## देश की वैभव और प्रतिष्ठा को पुनःस्थापित करने में स्वामी विवेकानंद की अहम् भूमिका

### भारतीय मूल्य एवं अध्यात्म की ओर सबका ध्यान आकृष्ट किया

**रायपुर,12 जनवरी 2024(ए)।** मुख्य अतिथि की आसंदी से उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने समारोह में कहा कि देश की वैभव और प्रतिष्ठा को पुनःस्थापित करने में स्वामी विवेकानंद की अहम् भूमिका हैं। उनके विचारों को मूर्त रूप में परिवर्तित कर हम भारत को विश्व में अग्रणी देश बना सकते हैं। उनके विचारों में आत्म-कल्याण के साथ-साथ विश्व कल्याण की भावना निहित है।

उनका जन्म 1863 में ऐसे समय पर हुआ जब देश हजारों सालों की गुलामी के कारण आध्यात्मिक रूप से कमजोर हो चुका था। स्वामी जी ने शिकागों की धर्मसभा में अपने अभूतपूर्व भाषण से सनातन धर्म की पताका फहराई। भारतीय मूल्य एवं अध्यात्म की ओर सबका ध्यान आकृष्ट किया। उप मुख्यमंत्री अरूण साव आज बिलासपुर के विवेकानंद उद्यान में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह में शामिल हुए। समारोह का आयोजन विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी की बिलासपुर शाखा द्वारा किया गया था। उन्होंने उद्यान में स्थापित स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।



साव ने कहा कि भारत देश की प्रतिष्ठा और पुराने वैभव को वापस दिलाने में स्वामी विवेकानंद का महत्वपूर्ण योगदान है। स्वामी जी ने जाति, पंथ एवं संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर देशप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता पर जोर दिया। इससे प्रभावित होकर लाखों युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराया। समारोह की अध्यक्षता अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने की। विधायक सुशांत शुक्ला विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे है उपराष्ट्रपति धनखड़ और गृह मंत्री शाह



**रायपुर,12 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही पार्टियां लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। इसी सम्बन्ध में नेता मंत्रियों का दौरा लगातार जारी है। इसी के तहत खबर मिली है कि 20 और 21 जनवरी को देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी के विधायकों की दृष्टिकोण से दोनों का छत्तीसगढ़ दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में अमित शाह विधायकों और मंत्रियों से चर्चा करेंगे। प्रदेश के सभी विधायक संसदीय कार्यो को लेकर दोनों से चर्चा करेंगे।

## सचिन पायलट से पूर्व मंत्री ने की छत्तीसगढ़ कांग्रेस में नई नियुक्ति करने की मांग

**रायपुर,12 जनवरी 2024 (ए)।** राजीव भवन रायपुर में आज छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक हुई। कांग्रेस पदाधिकारियों की पीसीसी प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बैठक ली। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि भाजपा अपने वादों या रिपोर्ट कार्ड पर चुनाव लड़कर दिखाएं। उसके बाद देखेंगे जनता किसे जनादेश देगी। सचिन पायलट की बैठक में सभी वरिष्ठ नेताओं ने बारी-बारी से लोकसभा में कांग्रेस की जीत को लेकर अहम सुझाव दिए । एक पूर्व मंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले संगठन में नई नियुक्ति होनी चाहिए। एक पूर्व मंत्री ने कहा कि जाति समीकरण से हटकर भी पार्टी में फैसला लेने की जरूरत है। जीतने वालों को ही



लोकसभा का टिकट दिया जाना चाहिए । इसी तरह और अन्य पदाधिकारियों ने राम मंदिर के मुद्दे पर भी पार्टी की ओर से काउंटर या एक लाइन की जरूरत बताई। बैठक में सचिन पायलट ने सभी वरिष्ठ नेताओं को एकजुट होकर चुनाव लड़ने की बात कही। बैठक के बाद सचिन पायलट ने कहा कांग्रेस पार्टी लोकसभा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि भाजपा अपने वादों या रिपोर्ट कार्ड पर चुनाव लड़कर दिखाएं। उसके बाद देखेंगे जनता किसे जनादेश देगी।

## आईएएस रानू साहू और सौम्या चौरसिया से तीसरे दिन भी पूछताछ जारी

### कोर्ट से मिली है 16 जनवरी तक पूछताछ की अनुमति

**रायपुर,12 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला परिवहन घोटाला मामले में रायपुर केंद्रीय जेल में बंद आईएएस रानू साहू और राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी रहीं सौम्या चौरसिया से ईडी तीसरे दिन शुक्रवार को भी पूछताछ करेगी। बता दें कि विशेष कोर्ट ने ईडी को आरोपियों से 16 जनवरी तक पूछताछ की अनुमति दी है। इस बारे में बकायदा सवाल तैयार कर पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार रायपुर केंद्रीय जेल में बंद निलंबित आइएएस रानू साहू और राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी रहीं सौम्या चौरसिया से गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने करीब तीन घंटे पूछताछ की। दोनों से अन्य आरोपियों की भूमिका के बारे में जानकारी ली गई। ईडी के



अधिकारियों ने पूछा कि कोयला घोटाले में और कितने अधिकारी और कांग्रेस के नेता शामिल हैं? बता दें इस मामले में भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव, चंद्रदेव राय, आरपी सिंह, कांग्रेस के कोषाध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल, विनोद तिवारी समेत अन्य की घोटाले भूमिका की पड़ताल भी चल रही है। विशेष कोर्ट ने देवेंद्र यादव की अग्रिम जमानत याचिका पिछले दिनों खारिज कर दी थी। अब जांच के घेरे में आए इन नेताओं की भूमिका की पड़ताल की जा रही है।

## मुठभेड़ में एक लाख का इनामी जनमिलिशिया कमांडर तोया पोटाम हुआ ढेर


**बीजापुर,12 जनवरी 2024 (ए)।** पुसनार के जंगल में गंगालूर एरिया कमेटी सचिव दिनेश मोड़ियम एवं अन्य 20-25 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना सुरक्षा बल को मिली थी। इस पर डीआरजी दंतेवाड़ा, डीआरजी बीजापुर एवं केरिपु 85 की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। इस दौरान आज दोपहर पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई।जिले में एक बार फिर पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है, जिसमें एक



लाख का इनामी जनमिलिशिया कमांडर तोया पोटाम ढेर हो गया। मौके से हथियार, विस्फोटक सामग्री एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया है। यह मुठभेड़ गंगालूर क्षेत्र के पुसनार जंगल हुई है। पुलिस का दावा है कि इस मुठभेड़ में 3-4 माओवादी भी घायल हुए हैं। मारे गए माओवादी पर आरोप है कि उसके द्वारा एक ही परिवार में पिता के बाद मां बेटी का अपहरण कर हत्या उपरांत शव को नदी में बहा दिया था. चार स्थायी वारंट भी लंबित था।

## महादेव एप्प मामले में ईडी ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

**रायपुर,12 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप्प मामले में ईडी की टीम बड़ी तेजी के साथ कार्रवाई कर रही है। इसी मामले में आज प्रवर्तन निदेशालय ने फिर एक बड़ी कार्रवाई की है। मिल रही जानकारी के अनुसार आज ईडी के अधिकारियों ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी मिल रही हा कि इन आरोपियों के तार महादेव ऐप से जुड़े हैं।





जानकारी है कि जिन दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनके नाम अमित अग्रवाल और नितिन टिबरीवाल है।महादेव सट्टा ऐप को लेकर छत्तीसगढ़ में ईडी ने आज रायपुर से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर विशेष अदालत में पेश किया है। रायपुर महादेव सट्टा के मामले में दोनों ही आरोपियों को लगातार पूछताछ के बुलाया जा रहा था। जिसके बाद ईडी ने दोनों को गिरफ्तारी की है।

महादेव सट्टा मामले को लेकर छत्तीसगढ़ के रायपुर कोर्ट में ईडी ने परिवाद पेश कर दिया है। यह परिवाद ईडी के द्वार 1 जनवरी सोमवार को पेश किया गया है। जिसमें कई नए नामों का जिक्र किया गया है। जिन नामों को जिक्र किया गया है उनमें असीम दास, भीम सिंह यादव, रोहित गुलाटी, अनिल कुमार अग्रवाल और महादेव एप के संचालक शुभमक सोनी के नाम का जिक्र किया गया है।





## कोयला घोटाला:आरोपियों को जेल और अस्पताल में मिल रहा व्हीआईपी ट्रीटमेंट:ईडी

**रायपुर,12 जनवरी 2024(ए)।** ईडी की टीम ने कोयला घोटाले में जेल में बंद कारोबारी सुनील अग्रवाल व एक अन्य आरोपी को सेंट्रल जेल से हटाकर अन्य जेल में शिफ्ट करने की मांग कोर्ट से की है। दरअसल ईडी का आरोप है कि जेल में दोनों आरोपियों को तमाम तरह की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इतना ही नहीं उपचार के नाम पर भी अस्पताल में उन्हें व्हीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। ईडी की टीम ने दावा किया है कि उनके पास कई ऐसी तस्वीरें हैं जिनके आधार पर ईडी का मानना है कि अस्पताल में उन्हें किसी सामान्य कैदी की तरह न रख कर उन्हें अलग से प्राइवेट रूम दिया गया है। जहां दोनों ही आरोपियों को एसी, टीवी समेत कई तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं।इतना ही नहीं ईडी ने यह भी दावा किया है कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान कारोबारी सुनील अग्रवाल में उपचार लेने से भी मना कर दिया था। इससे साफ है कि वो अस्पताल सुविधा लेने पहुंचे थे।





ईडी ने कोर्ट में जो आवेदन किया है उसके अनुसार सुनील अग्रवाल ने स्वास्थ्यगत कारणों का हवाला देकर दिसंबर 2022 से जुलाई 2023 के बीच 170 दिन अस्पताल में गुजारे थे। वहीं अन्य आरोपी भी फरवरी 2023 से जुलाई 2023 के बीच करीब 1 महीने तक अस्पताल में था। वहीं सुनील अग्रवाल ने मेडिशाइन अस्पताल के यूरोलॉजी डिपार्टमेंट में 3 माह से ज्यादा वक्त गुजारा था।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)